हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 11, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 9 जुलाई, 2023 दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी

## पंचायत चुनाव में भारी हिंसा के बीच मतदान, 12 की मौत

### हिंसा के बीच मतदान, कहीं फूंकी गई मतपेटी तो कहीं बैलट बॉक्स में डाला पानी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव का मतदान भारी हिंसा के बीच जारी है। पूरे राज्य भर से जगह-जगह हिंसा, आगजनी, पथराव की खबरें आ रही हैं। राज्य में शनिवार सुबह सात बजे पंचायत चुनाव शुरू होने के बाद से दोपहर तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है और मध्यरात्रि से चुनाव संबंधी कथित हिंसा में तीन अन्य लोगों की मौत हुई थी। ऐसे में पंचायत चुनावों के दौरान 12 लोगों की मौत हो चुकी है।



मरने वालों में पांच टीएमसी और एक-एक भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हैं। उनके अलावा हिंसा में निर्दलीय पार्टी के समर्थकों की भी मौत हुई है। पूरे राज्य में भारी तनाव फैला हुआ है। राज्य में पुलिस और केंद्रीय सुरक्षाबलों की तैनाती के बावजूद जमकर हिंसा हो रही है। पूर्व मेदिनीपुर के नंदीग्राम ब्लॉक 1 के रेजिडेंट्स ने TMC पर बूथ कैप्चर करने का आरोप लगाते हुए इलेक्शन का बॉयकॉट किया। लोगों का कहना है कि महम्मदपुर के बूथ नंबर 67 और 68 में सेंट्रल फोर्स की तैनाती की जाए। तैनाती न होने तक वे वोट नहीं डालेंगे। मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में कांग्रेस और तृणमूल के बीच झड़प में सत्ताधारी पार्टी के कार्यकर्ता बाबर अली की मौत हो गई। हिंसा के बाद इलाके में भारी तनाव है। गोली लगने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता अस्पताल में भर्ती है। मतदान शुरू होते ही कूचबिहार में मतदान केंद्र में तोड़फोड़ कर दी गई है और मतपत्र लूट लिए गए है। इसी तरह की खबरें डायमंड हारबर से भी आ रही हैं। जानकारी के मुताबिक मालदा के मानिकचक और गोपालपुर ग्राम पंचायत के जिशारद टोला में भारी बमबारी हुई है। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृत व्यक्ति का नाम शेख मालेक बताया गया है। सूचना मिली है कि हुगली में टीएमसी कार्यकताओं ने एक निर्दलीय उम्मीदवार को गोली मार दी है।

**हिंसा के बीच मतदान, कहीं फूंकी गई मतपेटी तो कहीं बैलट बॉक्स में डाला पानी**- पश्चिम बंगाल में हिंसा के बीच पंचायत चुनाव में 73 हजार से अधिक सीटों पर मतदान शुरू हो गया है। मतदान को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद पंचायत चुनाव के दौरान राज्य में केंद्रीय बलों की तैनाती की गई है। केंद्रीय बलों के करीब 83 हजार जवानों की मतदान केंद्रों पर तैनाती की गई है। केंद्रीय बलों के साथ 19 राज्यों की सशस्त्र पुलिस भी बंगाल में तैनात है, जिन्हें चुनाव के दौरान सुरक्षा का जिम्मा दिया गया है।

**मतदान शुरू होने के बाद पहली बार बोले चुनाव आयुक्त**- चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा ने कहा कि जो भी शिकायत आ रही हैं, उस पर तुरंत कार्रवाई कर रहे हैं। कुछ जगह अशांति की खबरें आ रही हैं। हाईकोर्ट के निदेर्शानुसार ही हमने केंद्रीय बलों की तैनाती की है। हमारे कंट्रोल रूम चौबीस घंटे काम कर रहे हैं। हर शिकायत पर तुरंत एक्शन लिया जा रहा है।

**गुंडों के बल पर चुनाव जीतना चाहती है टीएमसीः सुकांत मजूमदार**- बंगाल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और बालूरघाट से भाजपा के सांसद सुकांत मजूमदार को धमकी दी गई है। उन्होंने कहा, मुझे धमकी दी गई। सुरक्षाबलों ने भीड़ से बचाया। सुकांत मजूमदार ने कहा, मुझे धमकी दी गई। तृणमूल गुंडों के बल पर चुनाव जीतना चाहती है।

## सीएम योगी ने दिए नियुक्ति पत्र, अब खिलाड़ियों के तन पर सजेगी वर्दी, वेस्ट यूपी के 43 खिलाड़ी बने सिपाही



मेरठ। उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक मुख्यालय द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस कुशल खिलाड़ी सीधी भर्ती-2022 में मेरठ सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के छह जिलों से 43 खिलाड़ी सिपाही बन गए हैं। शनिवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के 229 खिलाड़ियों को उप्र पुलिस विभाग में सिपाही के लिए नियुक्ति पत्र सौंपे। पश्चीमी उत्तर प्रदेश के मेरठ, बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, सहारनपुर के 43 खिलाड़ियों को पुलिस विभाग में खेल कोटे से नौकरी दी गई है। मेरठ में 13, बागपत में 12, शामली में 2, बिजनौर में 1, सहारनपुर में 9, मुजफ्फरनगर में 6 खिलाड़ियों को उप्र पुलिस में चयनित किया गया है। मेरठ में 2 एथलेटिक्स, 1 बैडमिंटन, 4 मुक्केबाज, 1 क्रास कंट्री, 1 वेटलिफ्टिंग, 3 वुशू खिलाड़ियों को चयनित किया गया है। मेरठ के सभी 13 खिलाड़ियों को गौतमबुद्धनगर में तैनाती दी गई है। जबकि इन छह जिलों के अधिकतर खिलाड़ियों को भी गौतमबुद्धनगर में तैनाती दी गई है।

## BRS हो या कांग्रेस, दोनों ही तेलंगाना के लिए घातक, भाजपा करेगी इनका पत्ता साफ : मोदी

वारंगल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज तेलंगाना के वारंगल के दौरे पर हैं। उन्होंने सुबह तेलंगाना के वारंगल पहुंचने के बाद भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने राज्य के लिए लगभग 6,100 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इसके बाद पीएम ने सभा में मौजूद जनता को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि आज जब भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बना है, तो उसमें तेलंगाना के लोगों की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा, आज जब पूरी दुनिया भारत में निवेश के लिए आ रही है, विकसित भारत को लेकर इतना उत्साह है, तब तेलंगाना के सामने अवसर ही अवसर हैं। मोदी ने कहा कि आज हर प्रकार से बुनियादी अवसंरचना के लिए पहले से कई गुना तेजी से काम हो रहा है। मोदी ने कहा कि आज हर प्रकार से बुनियादी अवसंरचना के लिए पहले से कई गुना तेजी से काम हो रहा है और पूरे देश में राजमार्गों के साथ ही आर्थिक व औद्योगिक गलियारों का जाल बिछाया जा रहा है। उन्होंने कहा, आज का नया भारत, युवा भारत है और वह ऊर्जा से भरा हुआ है। 21वीं सदी के इस तीसरे दशक में हमारे पास ये स्वर्णिम समय आया है। हमें इस समय के हर सेकेंड का पूरा इस्तेमाल करना है। देश का कोई भी कोना, तेज विकास की किसी भी संभावना से पीछे नहीं रहना चाहिए।




इससे पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी ने देश में बुनियादी ढांचे के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में अब तक 1.10 लाख करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाएं या तो पूरी हो चुकी हैं या निमार्णाधीन हैं या शुरू हो चुकी हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, मुझे विश्वास है कि 2024 के अंत तक तेलंगाना में दो लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं होंगी। प्रधानमंत्री ने जिन परियोजनाओं की आधारशीला रखी, उनमें लगभग 5,550 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित की जाने वाली 176 किलोमीटर लंबी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं प्रमुख हैं। इन परियोजनाओं में नागपुर-विजयवाड़ा कॉरिडोर का 108 किलोमीटर लंबा मंचेरियल-वारंगल खंड में शामिल है। इस खंड से मंचेरियल और वारंगल के बीच की दूरी में लगभग 34 किलोमीटर की कमी आएगी, जिससे यात्रा अवधि घट जाएगी और एनएच-44 तथा एनएच-65 पर यातायात की आवाजाही और बेहतर होगी। इस साल चुनावी राज्य तेलंगाना की पीएम मोदी की यह तीसरी यात्रा है। इससे पहले उन्होंने जनवरी-अप्रैल में भी तेलंगाना का दौरा किया था। प्रधानमंत्री ने इस दौरे में तेलंगाना में 500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित होने वाली रेलवे वैगन विनिर्माण इकाई, काजीपेट की आधारशिला रखी। इस बीच पीएम मोदी की वारंगल में होने वाली जनसभा को लेकर तेलंगाना पुलिस ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। वारंगल के पुलिस आयुक्त एवी रंगनाथ ने कहा, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 3500 से अधिक पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं।

## वैन में लगे गैस सिलेंडर में जोरदार धमाका, 7 लोगों की मौत, 14 घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के सरगोधा जिले में शनिवार को एक पैसेंजर वैन में मौजूद गैस सिलेंडर फट गया। गैस सिलेंडर फटने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 14 लोग घायल हो गए। न्यूज एजेंसी डॉन ने रेस्क्यू 1122 कंट्रोल रूम का हवाला देते हुए बताया कि, सातों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने जानकारी दी कि ये घटना पंजाब के सरगोधा जिले की भलवाल तहसील में घटी है। जानकारी के मुताबिक, घायलों को भलवाल तहसील मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया। शवों को भी इसी अस्पताल में ले जाया गया है। गौरतलब है कि इस हादसे में मारे गए सात लोगों में पांच लोगों की पहचान नहीं हो सकी है। बता दें कि घायल लोगों में चार साल और 12 साल के दो बच्चे और 50 साल के दो लोग शामिल हैं। रेस्क्यू 1122 ने जानकारी दी कि उन्हें सुबह 8:35 बजे (स्थानीय समयानुसार) घटना के बारे में कॉल अलर्ट मिला। घटना स्थल पर नौ एम्बुलेंस, तीन अग्निशमन वाहन और एक बचाव वाहन भेजा गया। पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी ने इस हादसे पर दुख जताया है। वहीं, उन्होंने वैन में आग लगने की घटना की जांच के आदेश दिए और आयुक्त और आरपीओ (क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी) सरगोधा से विस्तृत रिपोर्ट मांगी। मोहसिन नकवी ने संबंधित अधिकारियों को घायलों को बेहतरीन इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए। इससे पहले जून महीने में पाकिस्तान में तीन अलग-अलग गैस सिलेंडर विस्फोटों में तीन बच्चों सहित कम से कम पांच की मौत हो गई थी और सात अन्य घायल हो गए थे।



## तालाब में डूबने से 5 बच्चों की मौत, तीन को बचाया गया

प्रखर एजेंसी। रायबरेली जिले के दीन शाह गौरा ब्लाक क्षेत्र के एक गांव में तालाब में नहा रहे पांच बच्चों की डूबने से मौत हो गई जबकि तीन बच्चों को बचा लिया गया। बच्चे ब्लाक के मंगतन खेड़ा मजरे बांसी रिहायक गांव के पास तालाब में नहा रहे थे। सभी मृतक बच्चों की उम्र सात से 12 साल तक बताई जा रही है। घटना शनिवार दोपहर की है। मामले की जानकारी होते ही गांव में मातम छा गया और परिवार में रोना पिटना मच गया। यह बच्चे दो परिवारों के है। पानी में डूबे मृतक बच्चो में रितु उम्र करीब आठ वर्ष पुत्री जीतू, सोनम उम्र करीब 10 वर्ष पुत्री सोनू, अमित उम्र करीब आठ वर्ष पुत्र सोनू, वैशाली उम्र 12 वर्ष पुत्री विक्रम, रुपाली 9 वर्ष पुत्री विक्रम थे। पानी में डूबने के बाद बचाए गए बच्चो में सोनिका उम्र 10 वर्ष पुत्री दीपू, संधिका उम्र लगभग आठ वर्ष पुत्री मान सिंह, विशेष उम्र लगभग चार वर्ष पुत्र दिनेश है।



## 'मैं रिटायर नहीं, फायर हूं फायर'; अजित को शरद पवार की चेतावनी, बोले- NCP से सभी बागी बाहर होंगे

मुंबई। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने पार्टी से बगावत के लिए भतीजे अजित पर आज जमकर हमला बोला। अजित पवार के 'रिटायर' होने वाले सुझाव पर उन्होंने कहा कि अभी वो न थके हैं, न रिटायर हो रहे, उनमें अभी आग बाकी है। एनसीपी प्रमुख ने कहा कि वह काम करना जारी रखेंगे क्योंकि पार्टी कार्यकर्ता चाहते हैं कि वह काम करते रहें। शरद पवार ने अजित पर हमला बोलते हुए कहा कि वो मुझे जो भी कह रहे हैं उससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। पवार ने कहा, "मैं न थका हूं, न रिटायर हुआ, मैं फायर हूं। जल्द ही सभी बागियों को एनसीपी से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा"। क्या आप जानते हैं कि मोरारजी देसाई किस उम्र में प्रधानमंत्री बने थे? मैं प्रधानमंत्री या मंत्री नहीं बनना चाहता, बल्कि केवल लोगों की सेवा करना चाहता हूं। मैं अभी बूढ़ा नहीं हुआ। इसी के साथ पवार ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के शब्दों को दोहराते हुए कहा कि मैं न तो थका हूं और न ही रिटायर हुआ हूं। उन्होंने कहा अजित मुझे रिटायर होने के लिए कहने वाले कौन होते हैं? मैं अभी भी काम कर सकता हूं। शरद पवार से जब पूछा गया कि परिवार में उत्तराधिकार की लड़ाई में अजित को इसलिए दरकिनार कर दिया गया, क्योंकि वह उनके बेटे नहीं थे। पवार ने कहा, "मैं इस विषय पर ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहता। मुझे पारिवारिक मुद्दों पर परिवार के बाहर चर्चा करना पसंद नहीं है। पवार ने कहा कि अजित को मंत्री बनाया गया और उपमुख्यमंत्री भी बनाया गया लेकिन उनकी बेटी सुप्रिया सुले को कोई मंत्री पद नहीं दिया गया, जबकि यह संभव था। उन्होंने कहा कि जब भी राकांपा को केंद्र में मंत्री पद मिला, वह दूसरों को दिया गया, लेकिन सांसद होने के बावजूद सुप्रिया को नहीं। अजित और आठ अन्य राकांपा विधायकों के महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में शामिल होने के एक सप्ताह बाद, शरद पवार शनिवार को नासिक जिले के येवला में रैली कर-के अपने राज्यव्यापी दौरे की शुरूआत कर रहे हैं, जो कि मंत्री छगन भुजबल का निर्वाचन क्षेत्र है।



## बरेली के आंवला में 24 घंटे में तीन युवकों की डूबकर मौत, एक लापता

बरेली। बरेली में मानसून की पहली ही बारिश जानलेवा बन गई। मूसलाधार बारिश से शहर की सड़कों पर जलभराव हो गया तो आंवला में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई थी। यहां 24 घंटे में बारिश के पानी में डूबकर तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक लापता है। एसडीआरएफ की टीमों ने तीनों के शव निकाले। लापता युवक की तलाश जारी है। आंवला क्षेत्र के भीमपुर गांव का लाखन (30) शुक्रवार सुबह अपने खेत पर धान की रोपाई करने की बात कहकर निकला था। पड़ोसी गांव अख्तरपुर के लिए जाने वाले मार्ग पर बारिश का पानी भरा हुआ था। इसी रास्ते पर बनी पुलिया भी पानी में डूबी हुई थी। जैसे ही लाखन पुलिया पर पहुंचा, उसका पैर फिसल गया और सड़क किनारे भरे पानी में डूब गया। लाखन को डूबता देख गांव के ही प्रशांत उसे बचाने के लिए पानी में कूद पड़ा। वह भी डूबने लगा तो आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचा लिया। तब तक लाखन गहरे पानी में समा चुका था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दमकल और एसडीआरएफ की टीम को बुलाया। नाव में बैठकर करीब दो घंटे तक लाखन की तलाश की गई। काफी मशक्कत के बाद उनके शव को निकाला गया। बुजुर्गों का कहना है कि उन्होंने पहली बार गांव में बारिश के पानी का ऐसा सैलाब देखा है। ग्राम प्रधान श्रीपाल सिंह लोधी ने बताया कि गांव के चारों ओर व खेतों में बारिश का पानी भरा हुआ है। आंवला-भीमपुर-अख्तरनगर के बीच संपर्क मार्ग भी पानी में डूब गया है। लाखन के पास थोड़ी सी जमीन है। वह मेहनत-मजदूरी करके गुजारा कर रहे थे। एक माह पहले ही उनके पिता की बीमारी से मौत हो गई थी। एक भाई की भी काफी समय पहले मृत्यु हो चुकी है। लाखन अपने पीछे मां, पत्नी व दो बेटे छोड़ गए हैं। उनका बड़ा बेटा गांव के ही सरकारी स्कूल में पढ़ता है। वही अपने परिवार में अकेले कमाने वाले सदस्य थे।

## मूसलाधार बारिश के बीच हिमाचल के सात जिलों में रेड अलर्ट, पर्याप्त सुरक्षा उपाय करने को कहा

शिमला। हिमाचल प्रदेश में जारी मूसलाधार बारिश के बीच मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से हिमाचल प्रदेश में 8 व 9 जुलाई के लिए बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसको देखते हुए पर्याप्त सुरक्षा उपाय करने की सलाह दी गई है। 10 जुलाई के लिए येलो अलर्ट जारी हुआ है। पूरे प्रदेश में 14 जुलाई तक बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। शनिवार दोपहर को जारी ताजा मौसम पूवार्नुमान के अनुसार प्रदेश के ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिले के लिए बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी हुआ है। वहीं, शिमला, सोलन, सिरमौर व लाहौल-स्पीति के लिए येलो-ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है। उधर, रेड अलर्ट को लेकर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से भी लोगों को एसएमएस के जरिये सचेत रहने की सलाह दी जा रही है। रेड अलर्ट को देखते हुए मौसम विभाग ने स्थानीय लोगों व पर्यटकों को संबंधित विभागों की ओर से जारी एडवाइजरी और दिशा-निदेर्शों का पालन करने को कहा है। विभाग के अनुसार मौसम के संबंध में जारी की गई किसी भी यातायात सलाह का पालन करें। उन इलाकों में जाने से बचें, जहां अक्सर जलभराव की समस्या रहती है। नदी-नालों से दूर रहें। अपने गंतव्य के लिए रवाना होने से पहले सड़क पर ट्रैफिक जाम का पता करें। असुरक्षित स्थानों में रहने से बचें। मौसम विभाग की ओर से भारी बारिश की स्थिति में कांगड़ा, चंबा, शिमला, मंडी, कुल्लू, सिरमौर, सोलन, ऊना जिलों में अचानक बाढ़ आने की आशंका जताई गई है। वहीं, सिरमौर के नाहन में 62.8, धौलाकुआं 39.0, शिमला शहर 46.0, मशोबरा 22.0, सोलन के धर्मपुर 33.8 और कसौली में 26.0 मिलीमीटर दर्ज की गई। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार बारिश, हिमस्खलन व भूस्खलन संभावित क्षेत्रों और ऊपरी पहाड़ी भागों में जाने से परहेज करें। खराब मौसम में ट्रैकिंग करना व ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जाना खतरनाक हो सकता है। बिजली चमकने की सूरत में कम से कम 30 मिनट तक घरों या सुरक्षित इमारतों के अंदर ही रहना चाहिए। ग्राम पंचायत प्रधानों, उप प्रधानों, गैर सरकारी संगठनों से भी इस संबंध में लोगों को जागरूक करने की अपील की गई है। वहीं, प्रदेश में जारी बारिश के चलते 91 सड़कों पर आवाजाही बंद है। 69 बिजली ट्रांसफॉर्मर ठप हैं। वहीं 73 पेयजल योजनाएं प्रभावित चल रही हैं। जिला कुल्लू में बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। भूस्खलन से औट-बंजार-सैंज हाईवे-305 अवरुद्ध है।



## मायावती की कार्यकर्ताओं से अपील, तन, मन और धन से समर्पित होकर लड़ें लोकसभा चुनाव 2024

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने शनिवार को चंडीगढ़, हरियाणा और पंजाब के राज्य व जिला स्तर के कार्यकताओं के साथ बैठक कर इन राज्यों के राजनीतिक हालात और संबंधित घटनाक्रमों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने सभी कार्यकताओं से तन, मन और धन से लगकर 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने की अपील की है। मायावती ने कहा कि हरियाणा में भाजपा गठबंधन सरकार में मतभेद व आपसी विवाद से वहां की जनता में राजनीतिक अस्थिरता व चुनावी वादाखिलाफी की ज्यादा चर्चा है। ऐसे में संभव है कि वहां विधानसभा चुनाव समय से पहले या फिर लोकसभा चुनाव के साथ ही करा दिए जाएं। इसलिए बसपा के कार्यकर्ता पूरी तैयारी रखें। मायावती ने कहा कि भाजपा की सरकारें लोगों की समस्याएं दूर न कर पाने से हताशा की शिकार हैं। इसलिए अब वो जातिवादी, विभाजनकारी ओर सांप्रदायिक नीतियों को गति प्रदान कर रही हैं। यही कारण है कि समान नागरिक संहिता को देश के लोगों पर जबरदस्ती थोपने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा सरकार यूसीसी जैसे गैर जरूरी काम पर सरकार की शक्ति व संसाधन खर्च करने बजाय महंगाई पर अंकुश लगाने के साथ ही गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा व स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर काम करे तो सही मायने में ये देश हित में होगा।



## संपादकीय

# गुजरात हाईकोर्ट से राहुल को राहत नहीं

गुजरात हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति हेमंत प्रच्छक ने राहुल गांधी को सूरत कोर्ट से सुनाई गई सजा को बरकरार रखा है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि सजा स्थगित करने का कोई आधार नहीं दिख रहा है। न्यायमूर्ति ने स्थगन याचिका को खारिज करते हुए कहा, राहुल गांधी के खिलाफ 10 से अधिक मामले लंबित हैं। मानहानि के मामले में वह गैर जिम्मेदारी के साथ ब्यान देते हैं। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा कि वीर सावरकर के पोते ने भी वीर सावरकर के अपमान को लेकर मानहानि का मामला दर्ज कराया है। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद, राहुल गांधी को मानहानि के इस मामले मैं सुप्रीमकोर्ट में जाने के अलावा और कोई विकल्प नहीं बचा है। राहुल गांधी को मानहानि के मामले में अधिकतम 2 साल की सजा निचली अदालत द्वारा सुनाई गई है सेशन कोर्ट और हाईकोर्ट से भी निचली अदालत की सजा बरकरार है निचली कोर्ट से सजा मिलते ही, दूसरे दिन उनकी संसद की सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। सरकार को भरोसा था कि वह सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। लेकिन राहुल गांधी और उनके वकील सीढ़ी दर सीढ़ी चढ़ते हुए पहले सेशनकोर्ट और बाद में हाईकोर्ट गए। उन्हें राहत नहीं मिली, अब वह सुप्रीमकोर्ट जाएंगे। जिस मामले में राहुल गांधी को संसद से सदस्यता चली गई। हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद भी लंबे समय तक हाईकोर्ट ने आदेश लंबित रखा था। जिस तरह की सुनवाई दोनों पक्षों की हाईकोर्ट में हुई थी। उससे यह आभास हो रहा था, कि गुजरात हाईकोर्ट से राहुल गांधी को राहत नहीं मिलेगी। जब फैसला आया, तो जो धारणा बनाई गई थी, वह सच साबित हुई। बहरहाल राहुल गांधी की सजा का मामला न्यायालयीन कम राजनीतिक रूप से ज्यादा प्रभाव डाल रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि राहुल गांधी जान-बूझकर संसद से जो सदस्यता समाप्त की गई है। उसका राजनीतिक लाभ योजनाबद्ध तरीके से ले रहे हैं। इसीलिए वह जानबूझकर मानहानि के इस मामले में जो अधिकतम सजा उन्हें दी गई है। उसको लेकर देश और विदेश में उन्होंने एक राजनीतिक लड़ाई के रूप में आगे ले जाने का फैसला किया है। हिमाचल और कर्नाटक के विधानसभा चुनाव में इसका लाभ उनकी पार्टी को हुआ है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस और राहुल गांधी ने संसद की सदस्यता को लेकर जो पिच तैयार की है उस पिच में खेलकर भाजपा फंसती चली जा रही है। राहुल गांधी की सजा जिस तरह से लोकसभा से समाप्त की गई है। उसको लेकर देशभर में उनके प्रति एक सहानुभूति देखने को मिल रही है राहुल गांधी ने कर्नाटक की चुनावी सभा में नीरव मोदी सुशील मोदी... के नाम लेकर कहा था, कि सारे चोरों के नाम मोदी सरनेम के क्यों होते हैं। राजनीति में इस तरह के आरोप प्रत्यारोप हमेशा से लगते रहे हैं। मानहानि के मामले में सार्वजनिक सजा राहुल गांधी को ही क्यों दी गई है। गुजरात राज्य में मानहानि का मुकदमा भाजपा विधायक ने दर्ज कराया। अभी तक की सारी कार्यवाही गुजरात के न्यायालयों में ही हुई है। राहुल गांधी ने संसद की सदस्यता समाप्त होने के बाद, सरकारी बंगला सरकार के कहने पर निर्धारित समय में खाली किया। जिस तरह से वह देशभर में घूमकर मोहब्बत की दुकान का जो पैगाम लेकर जा रहे हैं। वह आम लोगों से मिल रहे हैं। उनसे राहुल गांधी की व्यक्तिगत लोकप्रियता बढ़ती जा रही हैं। आज वह प्रधानमंत्री मोदी के समकक्ष खड़े होते हुए नजर आ रहे। हैं इस मामले में जितना भी विलंब होगा इसकी सहानुभूति राहुल गांधी और कांग्रेस के पक्ष में होना तय माना जा रहा है। वहीं एक संदेश आम जनता के बीच यह भी जा रहा है, कि भारतीय जनता पार्टी, राहुल गांधी के बढ़ते जन समर्थन को देखते हुए, उन्हें संसद से बाहर रखना चाहती है। इसलिए जानबूझकर इस प्रकरण में इतना विलंब कराया जा रहा है। हाईकोर्ट का फैसला 1 महीने से ज्यादा लंबित रहा। अब सुप्रीमकोर्ट में यह मामला जाएगा। राहुल गांधी की रणनीति को देखते हुए, यही लगता है कि वह इस मामले को ज्यादा से ज्यादा समय तक विशेष रुप से 2024 के लोकसभा चुनाव तक लंबित रखना चाहते हैं। सरकार भी रहुल की पिच में आकर खेलने के लिए विवश है। मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। यदि उन्हें सुप्रीमकोर्ट से कोई राहत 20 जुलाई के पहले नहीं मिलती है, तो वह लोकसभा की कार्यवाही में भाग नहीं ले सकेंगे। यह भी कहा जा रहा है, कि हो सकता है यह संसद का आखिरी सत्र हो। माना जा रहा है कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के साथ लोकसभा के चुनाव भी हो सकते हैं।

# मर रहे हैं लोग!



थम रही ना हिंसा ।
मर रहे हैं लोग ।।
कर रही सरकार अब ।
समय का उपयोग ।।
होता जब चुनाव है ।
चली जाती जान ।।
शायद इसको कहते हैं ।
कार्य कुछ महान ।।
रक्तपात पसंद है ।
फर्क न पड़ने वाला ।।
इसी बल पर आगे भी ।
लाना और उजाला ।।
इसी तरह से राह अब ।
है करना आसान ।।
झोंके पूरी ताकत ।
लगा देंगे जान ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# युवा सपनों की उड़ान ग्राम ज्ञानालय

कल्पनाएं जब सजती और संवरती हैं तो उम्मीदों को पंख लग जाते हैं। इरादे और हौसले मजबूत हो जाते हैं। मंजिल खुद-ब-खुद तय हो जाती है। पूर्वांचल के भदोही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ग्रामीण विकास की सोच जमीन पर उतरती दिखती है। भदोही कालीन का हब है यहां कालीन तैयार होते हैं। देश के नए संसद भवन में भदोही की कालीन बिछाई गयीं है। पूर्वांचल में वैसे अच्छे खासे शैक्षिक संस्थान। काशी हिंदू विश्वविद्यालय और संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय यहां की शैक्षणिक और सांस्कृतिक धरोहर है। लेकिन पूर्वांचल की 70 फीसदी आबादी कृषि अर्थव्यवस्था पर निर्भर है। यहां पलायन अधिक है। आर्थिक विपन्नता की वजह से युवाओं के प्रतियोगी स्पर्धा के सपने अधूरे रह जाते हैं। लेकिन उन सपनों को पूरा करने के लिए भदोही जनपद से शुरू हुई एक नवाचार की पहल उत्तर प्रदेश और देश के लिए एक मिसाल बनती दिखती है।



भदोही के युवा जिला कलैक्टर गौरांग राठी की एक अनूठी पहल पूरे उत्तर प्रदेश और देश की सोच बदल सकती है। भदोही को शहर -ए -कालीन भी कहा जाता है। दुनिया भर से यहां कालीन निर्यात होता है।हालांकि शैक्षिक विकास को लेकर यहां बहुत कुछ नहीं हुआ है। लेकिन गावों में नवाचार के तहत ग्राम ज्ञानालय की स्थापना कर युवाओं को नई दिशा देने की पहल शुरू की गयीं है। इस तरह ग्रामीण अंचलों में स्थापित किए जा रहे ग्राम ज्ञानालय में युवाओं के लिए एकेडमिक स्तर की सारी सुविधाएं उपलब्ध है। जनपद के 546 ग्राम पंचायतों में आधुनिक ग्राम ज्ञानालय की स्थापना की तरफ बड़ी तेजी से कदम बढ़ रहे हैं। भदोही जनपद में तकरीबन 150 गांव में इसकी शुरूवात हो गयीं है। शुरूआती दौर में ही जॉब की तैयारी करने और पढ़ने वाले करीबन 4000 युवा और छात्र-छात्राएं इससे जुड़कर उच्च गुणवत्ता परक शिक्षा ग्रहण कर रहें हैं। जिसकी वजह से उनके शैक्षिक विकास का आधार बेहद मजबूत हो रहा है। पूरे देश में अपनी तरह का आधुनिक सोच को प्रदर्शित करने वाला यह ग्राम ज्ञानालय युवाओं को तेजी से आकर्षित कर रहा है। योगी सरकार के जनप्रतिनिधि इसमें बढ़चढ़ कर सहभागिता करते दिखते हैं।

मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में विकास प्राथमिकता के कार्यक्रमों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने पीपीटी के माध्यम से ग्राम ज्ञानालय के विजन से शासन को अवगत कराया है। मुख्य सचिव नवाचार की इस अनूठी पहल को देखकर इतने प्रभावित हो गए कि उन्होंने जिलाधिकारी की खूब प्रशंसा किया और कहा कि इस रिपोर्ट को भारत सरकार को भेजा जाएगा। इस तरह की सुविधा पूरे उत्तर प्रदेश और देश में उपलब्ध करायी जानी चाहिए। युवाओं में शैक्षणिक विकास और प्रतियोगी स्पर्धा पैदा करने के लिए यह नवाचार अपने तरह का अकल्पनीय है। युवाओं के सपनों को आयाम देने के लिए ग्राम पंचायतों में इस तरह के ज्ञानालय यानी वाचनालय की स्थापना की जा रही है। वाचनालय में भरपूर पुस्तक, फर्नीचर, सीसीटीवी, स्मार्ट टीवी और ऑनलाइन कक्षाओं की सुविधाएं उपलब्ध है। इसके अलावा अभ्युदय योजना के तहत रिटायर्ड शिक्षक, प्रवक्ता और दूसरे विषय के विशेषज्ञ इन छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं। संबंधित पंचायत या ग्राम सचिवालय भवन में ही एक खास कमरा बनाकर वहां संचालित किया जा रहा है। गांव के पंचायत प्रतिनिधि इसमें खासी भूमिका निभा रहे हैं।

ग्रामीण अंचलों में युवाओं में शिक्षा को लेकर अच्छी खासी ललक है। लेकिन अधिकांश परिवारों की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है। वैसे भी उत्तर प्रदेश सरकार दलित और पिछड़े छात्रों को लखनऊ में इस तरह की सुविधा उपलब्ध कराती है, लेकिन वहां सभी नहीं पहुंच पाते हैं। सामान्य और गरीब परिवारों से होने के नाते सुख सुविधाओं के अभाव में नई दिल्ली, प्रयागराज, वाराणसी, जयपुर जैसे शहरों में जाकर कोचिंग कक्षाएं नहीं ले सकते हैं। क्योंकि उनके घर की माली हालत उस तरीके की नहीं है। लेकिन ऐसे बच्चे जो कड़ी स्पर्धा में अपने को खुद साबित करना चाहते हैं उनके लिए ग्राम ज्ञानालय की अनूठी है। देश की चर्चित ऑनलाइन कोचिंग संस्थान खान सर और दूसरी अकेडमिक कोचिंग सेवाओं की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रतियोगिता दर्पण, क्रॉनिकल और अन्य स्तरीय मासिक पत्रिकाएं और अच्छे प्रकाशन की महंगी किताबें उपलब्ध हैं। जिलाधिकारी गौरांग राठी बताते हैं कि पूर्वांचल के युवाओं में पढ़ने की एक अजीब लगन हमने देखी है। वे पढ़ना चाहते हैं लेकिन यहां सामान्य कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए सुविधाएं बेहतर उपलब्ध नहीं हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं है कि वह दिल्ली प्रयागराज, वाराणसी, जयपुर या दूसरे शहरों में जाकर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग ले सकें। हालांकि राज्य और केंद्र सरकार कमजोर वर्ग के ऐसे युवाओं को राजधानी में कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराती हैं। उत्तर प्रदेश की योगी और केंद्र की मोदी सरकार ग्रामीण विकास को लेकर बेहद संजीदा है। अब गांव को सीधे आर्थिक सुविधाएं मिल रहीं हैं। उन्हें अच्छी खासी सकॉलरशिप भी दीं जाती है। लेकिन हर परिवार का युवा शहर तक नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे हालात में ग्राम ज्ञानालय एक बेहतरीन और अनूठी सुविधाओं वाला वाचनालय है। जहां अध्ययन की आधुनिक सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। जॉब की तैयारी करने वाले युवा और युवतियाँ अपनी मंजिल को आयाम दे सकते हैं। देश के सुदूर ग्रामीण अंचलों में ऐसी शैक्षणिक सुविधा आधुनिक समय की मांग है। लोगों को इसके लिए आगे आना चाहिए।

# यह मानसिक विकृति है या फिर सत्ता की ठसक...

एक युवक जमीन पर बैठा हू और एक दूसरा व्यक्ति नशे की हालत में सिगरेट पीता हुआ उसके शरीर पर पेशाब कर रहा है, लेकिन दुर्भाग्य तो देखिए जमीन पर बैठा युवक उस पेशाब कर रहे व्यक्ति का कोई विरोध नहीं कर पा रहा है,ये किसी मुंबईया फिल्म का दृश्य नहीं बल्कि आदिवासी बाहुल्य माने जाने वाले मध्यप्रदेश के सीधी जिले के कुबरी गांव की वो सच्ची और शर्मनाक तस्वीर है जिसने समूची इंसानियत और प्रदेश को शर्मसार कर दिया है। विडंबना तो ये है जो व्यक्ति उस असहाय आदिवासी युवक पर खुलेआम पेशाब कर रहा है उसे सत्तारूढ़ दल के एक विधायक का विधायक प्रतिनिधि बताया जा रहा है यद्यपि विधायक उस व्यक्ति काअपने आप से संबंध बताने से इंकार कर रहे हैं लेकिन उस व्यक्ति के जो फोटो अखबारों में प्रकाशित हुए हैं वो साफ साफ इस ओर इशारा करते हैं कि वो व्यक्ति सत्तारूढ़ पार्टी के विधायक का बेहद करीबी है ।

कहते हैं सत्ता का नशा सबसे ज्यादा बुरा होता है विशेषकर उन लोगों के लिए जो बड़े नेताओं की चाटुकारिता कर छोटे-मोटे पद पा लेते हैं या फिर उनके प्रतिनिधि बन जाते हैं सीधी जिले के कुबरी गांव में जो व्यक्ति एक आदिवासी युवक पर पेशाब करता हुआ दिखाई दे रहा है वो भाजपा नेता प्रवेश शुक्ला है जिसे सीधी के भाजपा विधायक केदारनाथ शुक्ला का विधायक प्रतिनिधि बताया जा रहा है भले ही वे इस बात से इंकार कर रहे लेकिन सच्चाई वही है जो बताई जा रही है।



वर्तमान में सोशल मीडिया एक ऐसी ताकत बन चुका है जो मुख्यधारा मीडिया से भी ज्यादा बलशाली और लोगों तक पहुंचने में सक्षम है। इस वीडियो के वायरल होते ही सत्तारूढ़ भाजपा में हड़कंप मच गया जाहिर है विरोधी कांग्रेस दल इसका लाभ उठाने में पीछे नहीं रहता सो पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने ट्वीट करते हुए कहा कि आदिवासी समाज के इस युवक के साथ ऐसी जघन्य और गिरी हुई हरकत का सभ्य समाज में कोई स्थान नहीं है लघु शंका करने वाला व्यक्ति भाजपा से जुड़ा बताया जा रहा है प्रदेश पहले ही आदिवासी अत्याचार में नंबर वन है इस घटना ने पूरे प्रदेश को शर्मसार कर दिया। उधर दूसरी तरफ वीडियो में जो कुछ दिखाई दे रहा है उसको लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट कर कहा मेरे संज्ञान में सीधी जिले का वीडियो आया है मैंने प्रशासन को आदेश दिए हैं कि अपराधी को गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही कर उस पर रासुका भी लगाया जाए, वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने भी ट्वीट करते हुए कहा कि सीधी में हुई मानवीय घटना की कड़े शब्दों में निंदा करता हू प्रदेश में अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

यह तो सोशल मीडिया की ताकत ही कहा जाए कि मामला संज्ञान में आ गया अन्यथा गांवों में इस तरह के मामले होते रहते हैं जिनमें दबंग निचली जातियों के लोगों के साथ ऐसे व्यवहार करते हुए दिखाई देते हैं। एक तरफ मध्यप्रदेश सरकार आदिवासियों के उत्थान और उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए तरह-तरह की बयान जारी करती है हाल ही में प्रधानमंत्री ने आदिवासियों के साथ बातचीत कर उन्हें आश्वस्त किया कि उनके साथ अन्याय नहीं होगा आदिवासियों की जल जंगल और जमीन की मांग बहुत पुरानी है जिस पर हाल ही में मध्यप्रदेश शासन में पैसा कानून लागू किया है लेकिन यहां यह भी उल्लेखनीय है कि ये कानून 1996 में लागू हो गया था लेकिन आदिवासियों के हितों की दंभ भरने वाली भारतीय जनता पार्टी की मध्य प्रदेश सरकार इसे 2022 में लागू कर पाई दरअसल आदिवासियों के प्रति भारतीय जनता पार्टी हमेशा ने हमेशा से ही उपेक्षित रवैया अपनाया यही कारण था कि 2018 के विधानसभा चुनाव में आदिवासियों ने बीजेपी को छोड़ कांग्रेश के पक्ष में अपना मत दिया था जिसके चलते उनकी सरकार भी मध्यप्रदेश बन गई थी यह बात अलग है कांग्रेस के आपसी अंतर्द्वंद्व में उनकी सरकार 15 महीने में गिर गई। आदिवासियों का प्रभाव मध्य प्रदेश की लगभग पचासी सीटों पर है और चालीस से भी ज्यादा सीटें ऐसी हैं जो सुरक्षित मानी जाती है इसलिए उन्हें अपने पक्ष में करने के लिए भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से आदिवासियों पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है लेकिन यह भी एक सच्चाई है कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के मुताबिक मध्यप्रदेश में आदिवासियों पर अत्याचार लगातार बढ़ता जा रहा है जिस पर लगाम नहीं लगाई जा रही है पिछले बरस जबलपुर के पास सिवनी जिले के कुरई ग्राम में तीन आदिवासियों को बुरी तरह पीटा गया था जिसमें से दो आदिवासियों की मौत हो गई थी इनकी हत्या का आरोप बजरंग दल के कार्यकताओं पर लगा था मामले को लेकर जब विवाद बढ़ा तब मुख्यमंत्री ने वहां के तत्कालीन एसपी कुमार प्रतीक को हटाकर पुलिस मुख्यालय भेज दिया था लेकिन कुछ ही दिनों में अपने राजनीतिक जुगाड़ के चलते वे एक दूसरे जिले में बतौर एस पी बनाकर भेज दिए गए इससे भी यह सिद्ध होता है कि आदिवासियों के प्रति भारतीय जनता पार्टी का क्या रवैया कैसा है।

बहरहाल सीधी जिले के इस मामले में आरोपी प्रवेश शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया गया है और उस पर सीधी के बहरी थाने में धारा 323 123 294 506 आईपीसी और एनएसए के तहत मामला कायम कर लिया गया है और एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित कर मामले की जांच भी आरंभ कर दी गई है लेकिन इस घटना ने न केवल मध्य प्रदेश को बल्कि समूची मानवता को कलंकित किया है कोई व्यक्ति इतना अमानवीय हो सकता है या फिर उसे सत्तारूढ़ पार्टी का सदस्य होने का एक अनोखा गुरूर होगा इस सवाल का जवाब ढूंढना होगा।

# शिवराज ने दशमत रावत का सुदामा के रूप में सत्कार कर दिलों को छू लिया

इस सप्ताह मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री निवास के दृश्य लगभग पूरे देश में चर्चा का केंद्र बने रहे। कैसे एक प्रदेश का मुखिया, सीधी में हुई एक घटना से पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाने, उसका सम्मान पुनः लौटाने का हर संभव प्रयास करता है और प्रदेश के सभी जाति वर्ग के लोगों को सामाजिक समरसता व लोक आचरण का एक सारगर्भित पाठ पढ़ा जाता है। इससे पूर्व ही मुख्यमंत्री ने एक दिन पहले ट्वीट कर अपने मन की पीड़ा व्यक्त की थी। शिवराज सिंह चौहान ने कहा था "कि जबसे मैंने सीधी की घटना का वीडियो देखा, अंतर्मन अत्यधिक व्याकुल और हृदय पीड़ा से भरा हुआ है। मैं तबसे ही दशमत जी से मिलकर उनका दुःख बांटना चाहता था और यह विश्वास भी दिलाना चाहता था कि उनको न्याय मिलेगा। उनसे और उनके परिवार से भोपाल में अपने निवास पर मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करने के साथ परिवार को ढांढस बंधाऊंगा।"



उनके इस कथन के बाद से ही मीडिया और सोशल मीडिया में अनेकों प्रकार के कयास लगाये जा रहे थे। पर जिस प्रकार से प्रदेश के मुखिया का एक मानवीय पक्ष समाज के सामने आया है, वह अकल्पनीय है। जो मुख्यमंत्री निवास के वीडियो सभी मीडिया व सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म पर दिख रहे हैं, उसमें वे खुद दशमत जी को लेकर आवास के अंदर आए। उन्हें कुर्सी पर बैठाकर खुद नीचे जा बैठे और उनके पैर धोए। इसके बाद सीएम ने शॉल ओढ़ाकर, तिलक लगाकर व भगवान गणेश की एक प्रतिमा भेंट में देकर उनका सम्मान भी किया। उन्होंने कहा, "कि मैं दशमत जी से माफी मांगता हूं। मेरे लिए जनता ही भगवान है।"

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने दशमत जी से अनेक विषयों पर चर्चा भी की। दशमत से पूछा कि क्या करते हो, घर चलाने के क्या साधन हैं, कौन-कौन-सी योजनाओं का लाभ मिल रहा है? यहां तक कि उन्होंने दशमत को सुदामा भी कहा। सीएम ने कहा कि दशमत अब मेरे दोस्त हैं। एक तरफ इस पूरे घटनाक्रम पर विपक्ष अनर्गल आरोप लगाकर हाय तौबा मचाये हुए है। आखिर मचाये भी क्यों ना, वंशवाद परंपरा के अधीन चल रही पार्टी के नेताओं और उनके पुत्रों के लिए ऐसे दृश्य मात्र कल्पना में ही पूर्ण हो सकते हैं। जिन्होंने कभी गरीबी स्वप्न में भी ना देखी हो, उनके लिए किसी पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के सम्मान की चिंता कल्पना का ही एक रूप है। दूसरी तरफ मुख्यमंत्री का यह नया संवेदनशील रूप लोगों द्वारा अत्याधिक सराहा जा रहा है। जहां उन्होंने दशमत के मनोभाव से उस घटना को विस्मृत करवाने का हरसंभव प्रयास किया व उससे व्यक्तिगत स्तर पर सुख दुख भी बाटें। पूर्व में भी एक ऐसा ही संवेदनशीलता का वाकया सितंबर 2021 में आया था। जब एक प्रदेश का मुखिया कितना सहज और सरल होना चाहिए, ये जनता को देखने को मिला था। जब खंडवा जिले में सीएम की यात्रा पंधाना के बलरामपुर गांव पहुंची तो भाषण के दौरान गांव की एक बेटी ने मुख्यमंत्री को अपनी व्यथा से भरी चिट्ठी सौंपी थी। सीएम ने भाषण के दौरान ही कलेक्टर को चिट्ठी में लिखी समस्या देखने को कहा था और साथ ही कलेक्टर को तुरंत आर्थिक मदद जारी करने के निर्देश दिए। दरअसल उस बालिका के पिता का चार माह पहले कोरोना से देहावसान हुआ था। सीएम का ये अंदाज उस वक्त भी ग्रामीणों को खूब भाया था और अब सीधी मामले में उनके व्यक्तित्व के इस मानवीय पहलू की चारों ओर लोगों द्वारा निरंतर प्रशंसा की जा रही है।

# डीएम-एसपी ने थाना दिवस पर सुनी फरियादियों की फरियाद



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शासन के निर्देश पर आज दूसरे शनिवार को थाना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में थाना कोतवाली सैदपुर में उपस्थित फरियादियों की फरियाद सुनी, साथ ही शिकायतो को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया। थाना दिवस पर कोतवाली सैदपुर मे 12 फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतो को लिखित रूप में दिया। जिसमें से 04 फरियादी का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष आवेदन का निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी को दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफियाओ के विरूद्ध एन्टी भू माफिया एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत करते हुए कड़ी कार्यवाही करे। और गरीबो के पट्टे आदि की भूमि पर बार-बार कब्जा करने वालो के खिलाफ केस दर्ज कर तत्काल जेल भेजा जाय। उन्होने निर्देश दिया कि लेखपाल एवं हल्का सिपाही आपसी सामन्जस्य स्थापित करते हुए एक-दूसरे का मोबाइल नम्बर अपने पास रखे तथा टीम बनाकर प्राप्त शिकायतो का स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करे। उन्होने सख्त निर्देश दिया कि शिकायतो का निर्धारित समय सीमा में न किये जाने पर सम्बन्धित लेखपाल एंव सिपाही पर अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सैदपुर, क्षेत्राधिकारी सैदपुर, थाना प्रभारी, लेखपाल एंव अन्य अधिकारीगण एवं पुलिस विभाग से सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री श्री चंद्रशेखर सिंह की 16वीं पुण्यतिथि पर श्रंद्धांजलि अर्पित किया गया



प्रखर रामनगर वाराणसी। समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने अपने अजीज व युवा तुर्क नेता के नाम से मशहूर अपने समय में साहसिक फैसले लेने से न हिचकने वाले बागी बलिया के स्तम्भ पूर्व प्रधानमंत्री श्री चंद्रशेखर सिंह जी की 16वी पुण्यतिथि परश्रंद्धांजलि अर्पित किया।उनको याद करते हुए पूर्व अध्यक्ष सुजीत सिंह ने कहा कि वह आर्थिक विषमता व सामाजिक विषमता के खिलाफ हमेशा आवाज बुलंद करते रहे।समयकाल विपरीत होते हुए भी जनता के लिए साहसिक फैसले लेने से भी कभी नही हिचके।उन्होंने कभी भी कोई पद की लालसा नही की ।आजीवन किसानों मजदूरों के लिए लड़ते रहे।उनका फसल का वाजिब मूल्य मिले इसके लिए संसद में हमेशा लड़ते रहे।हमेशा कहा करते थे कि इस देश का किसान जितना खुशहाल होगा देश के लोग भी उतना ही खुशहाल रहेंगे।आज जब देश महंगाई, बेरोजगारी, भष्ट्राचार से जूझ रहा है तो उनकी प्रतिबद्धता याद आ रही है, उनकी कमी समाजवादी विचारधारा के लोगो को खल रही है।इस कार्यक्रम में आलोक सेठ जी,महानगर अध्यक्ष महिला आरती यादव, महानगर अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग विवेक कहार, पूर्व पार्षद संजय यादव, जितेंद्र मलिक,पार्षद रामकुमार यादव, मोहम्मद यासीन, पूर्व पार्षद श्यामलाल यादव, कृष्णमोहन यादव, जवाहरलाल मौर्य, विनोद यादव, सुजीत गुप्ता,राजू सोनकर, रोहित सोनकर, मोनीश खान,इंज्मामूल खान, सूरज सोनकर,पूर्व पार्षद जितेंद्र यादव आदि लोग शामिल थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चन्द्रशेखर जी की पुण्यतिथि पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



रसड़ा (बलिया)। स्थानीय गांधी पार्क रसड़ा में शनिवार को शाम चार बजे पूर्व प्रधानमंत्री सादगी के धरोहर लोकतंत्र सेनानी स्व. चंद्रशेखर की सोलहवीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर सपा के वरिष्ठ नेता व लोकतंत्र सेनानी संगठन के संरक्षक चन्द्रशेखर सिंह, सजपा नेता बलवंत सिंह, सपा नेता विजय शंकर यादव, राधेश्याम यादव, बनारसी प्रसाद वर्मा, श्रीभगवान बंधु गोंड, शिवजी सिंह, पुरूषोत्तम यादव, सुभाष चौहान, लल्लन यादव, हरेराम राजभर, रामबिलास यादव, मनोज सिंह आदि कार्यकताओं ने श्रद्धा-सुमन अर्पित किया।

# सावन के प्रथम सोमवार के मद्देनजर डीएम व एसपी ने किया घाट का निरीक्षण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर । सैदपुर में स्थित गंगा के किनारे बूढ़े महादेव मंदिर का सावन के प्रथम सोमवार को देखते हुए डीएम आर्यका अखौरी व एसपी ओमवीर सिंह ने जायजा लिया। साथ ही गंगा के किनारे से लेकर मंदिर परिसर तक शिव भक्तों को कोई असुविधा न हो इसका ख्याल रखने और साफ सफाई के लिए संबंधितो को निर्देश दिया। मालूम हो कि सावन के सोमवार के मद्देनजर शिव भक्त यानी कावड़ियों का जत्था रविवार की शाम से ही सड़को पर नजर आने लगता है। और सावन के प्रथम सोमवार के दिन शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए रविवार की रात 12 बजे से ही शिवालयों में कावड़ियों का जत्था जलाभिषेक करने के लिए लाइन लगा लेंगे। बताते चलें कि पवित्र माह सावन में जनपद के सभी शिवालयों में कावड़ियों का हुजूम जलाभिषेक करने के लिए रविवार की शाम से ही गंगा में स्नान कर गंगा जल लेकर रात 12 बजे



से ही शिवालयों के कपाट तक पहुंच जाते है और शिवालयों का कपाट खुलते ही भगवान भोले नाथ को जल चढ़ाने के लिए तांता लगा रहता है। ऐसे में कावड़ियों की सुविधा और सुगमता के लिए जिला प्रशासन भी हर स्तर पर तैयार रहता है। ऐसे में कोई चूक न हो जाये इसके लिए खुद डीएम आर्यका अखौरी और एसपी ओमवीर सिंह भारी फोर्स व राजस्वकर्मियों के साथ शिवालयों तक लगातार चक्रमण कर रहे है। ऐसे में आज डीएम-एसपी अपने अधिनस्तो के साथ सैदपुर के बूढ़े महादेव मंदिर पहुंचे। जहां पर गंगा से कावड़ियों द्वारा जलभराव करने की जगह से लेकर बूढ़े महादेव मंदिर का जायजा लिया। इस दौरान शिव भक्तों को कोई असुविधा न हो उसके लिए साफ सफाई के साथ रास्ते को बेहतर बनाने का संबंधितो को निर्देश दिया।

# जिला जेल में मिलेगा कैदियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण, हुआ शुभारंभ

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित जनपद गाजीपुर की संस्था हाईटेक कॉलेज ऑफ मैनेजमेण्ट एवं ई-टेक्नालॉजी द्वारा आईटी, आईटीईएस, सेक्टर में जिला



कारागार में प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारम्भ प्रभारी जेल अधीक्षक/जेलर राकेश कुमार वर्मा एवं एम०आई०एस० प्रबन्धक विकास यादव तथा कारागार प्रशासन के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में संस्था द्वारा कम्प्यूटर प्रशिक्षण लेने वाले 40 बंदियों को परिचय पत्र तथा पुस्तक वितरण किया गया।

प्रशिक्षण केन्द्र के शुभारम्भ के अवसर पर डिप्टी जेलर रविन्द्र सिंह यादव द्वारा बंदियों को कौशल विकास मिशन के महत्व के बारे मे विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। हाईटेक कॉलेज ऑफ मैनेजमेण्ट एवं ई-टेक्नालॉजी के निदेशक प्रकाश गुप्ता ने वर्तमान समय में कम्प्यूटर शिक्षा को आवश्यक बताते हुए कहा कि कंप्यूटर और इंटरनेट के माध्यम से पूरी दुनिया की खबर व नवीनतम जानकारी पलक झपकते ही हमारे सामने पहुंच जाती है। इसके माध्यम से हम विश्व की ताजा तरीन जानकारियों से तत्काल रूबरू हो जाते हैं। डिजिटल माध्यम में हम किसी भी ग्रंथ व पुस्तक का अध्ययन कंप्यूटर पर कर सकते हैं। इसके माध्यम से हम पैसों का लेनदेन भी आसानी से कर सकते हैं। कम्प्यूटर शिक्षा की आवश्यकता को समझते हुए प्रदेश सरकार ने जेल में भी इसके प्रशिक्षण देने की व्यवस्था सुनिश्चित की है। यहां से बाहर जाकर जहां आप इसका इस्तेमाल कर समाज का भला कर सकेंगे वही इसे रोजगार के रूप में अपनाकर अपना और अपने परिवार का जीविकोपार्जन भी कर सकेंगे। इस मौके पर जेलर राकेश कुमार वर्मा, डिप्टी जेलर रविन्द्र सिंह यादव, कमलचन्द, श्रीमती सुखवती देवी, रविन्द्र सिंह, शिक्षाध्यापक धर्मेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, अभय कुमार मौर्य, संस्था निदेशक प्रकाश गुप्ता के अलावा प्रशिक्षण हेतु चयनित बंदियों ने प्रतिभाग किया।

## कई दिनों से ट्रांसफार्मर जलने जन जीवन अस्त-व्यस्त

बलिया। जंग-ए-आजादी के जांबाज योद्धा बागी बलिया के सपूत शहीद मंगल पांडेय जी के पैतृक गांव नगवा (पूर्वी क्षेत्र) में रिंग बंधे के निकट लगा ट्रांसफार्मर विगत कई दिनों से जला पड़े रहने के कारण गांव जहां अंधेरापन की मार झेल रहा है, वहीं भीषण गर्मी व बरसाती मौसम की उमस से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बिजली विभाग की चुप्पी और घोर लापरवाही से विशेष तौर से बच्चों व वृद्ध जनों का हाल बेहाल हो गया है सभी त्राहिमाम त्राहिमाम में हैं। ग्रामीणों के अनुसार विद्युत विभाग के अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी अब तक ट्रांसफार्मर नहीं लगना उनके कर्तवयहीनता का द्योतक है । नगवा निवासी मुन्ना गोंड,विनोद पाठक,सुनील पाठक मुख्तार,अजीत आदि ग्रामीणों ने डीएम समेत संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जले ट्रांसफार्मर के स्थान पर नया ट्रांसफार्मर अविलंब लगाये जाने की मांग की।

## सुल्तानपुर से लूटी गई 31 टन सरिया को खेतासराय से किया बरामद

प्रखर खेतासराय जौनपुर। सुल्तानपुर पुलिस और एसओजी टीम ने गोसाईगंज के सुल्तानपुर रेलवे क्रॉसिंग से तीन दिन पहले बुधवार की रात्रि लूटी गई लगभग 31 टन सरिया को खेतासराय में कई दुकानदारों के यहा से बरामद



किया है । असलहे के बल पर लूटी गई ट्रक बेस्ट बंगाल दुगार्पुर से फैजाबाद के लिए जा रही थी । बिना मॉल के संदिग्ध हालत में लम्भुआ थाने के हाईवे पर बेहोशी हालत में ड्राइवर मिला था । कई दुकानदारों को पुलिस उठा कर सुल्तानपुर अपने साथ ले गई ।

बंगाल से ट्रक में सरिया लादकर फैजाबाद में एक ट्रेडर्स के यहाँ जा रही ट्रक को सुल्तानपुर रेलवे क्रॉसिंग से रात्रि में पांच जुलाई को बदमाशों ने असलहे के बल पर लूट लिया । पुलिस टीम के साथ मौजूद चालक उमेश पांडेय ने बताया कि उन्हें खाने में कुछ नशे का पदार्थ दिया जिस से वह होश में नही आया । दूसरे दिन लम्भुआ थानां के पास खाली ट्रक और उन्हें छोड़ दिया । मामला पुलिस तक पहुँचा तो सुल्तानपुर पुलिस और एसओजी टीम के लोग तफ़्तीश में जुट गए । एक इनपुट के सहारे पुलिस ने एक भट्ठे मालिक के यहाँ छापेमारी की तो घटना को पदार्फाश करने में कामयाबी मिली । उन्ही की निशानदेही पर पुलिस ने गुरैनी और यूनुसपुर समेत अन्य स्थानों से बरामद किया । जहाँ काफी सस्ते दाम पर बेचा गया था । पुलिस टीम में शामिल इंस्पेक्टर निवास पांडेय तथा चौंकी प्रभारी दयाशंकर मिश्र समेत अन्य अफसर कुछ भी बताने का गुरेज किया । बताया कि अभी इस लूट काण्ड के तफ़्तीश चल रही है । कार्यवाही पूर्ण होने के बाद मीडिया को अवगत किया जाएगा ।

# कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों का सम्मान समारोह

बलिया। पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रदेश सरकार की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों का सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री

**मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने लाभार्थियों से किया संवाद**




दयाशंकर सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबी, आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को पीवीसी गोल्डेन कार्ड का वितरण किया। उन्होंने महिला कल्याण विभाग की योजनान्तर्गत निराश्रित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निःशुल्क सिलाई-मशीन भी दिया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए परिहवन मंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर जी को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने सिर्फ बलिया का ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण देश के विकास के बारे में सोचते थे। दलगत भावना से उपर उठकर उनका कार्य था। जब देश विपरीत परिस्थितियों में था, जब उनको नेतृत्व मिला था और छोटे से कार्यकाल में उनके साहसिक कार्य की चर्चा आज भी की जाती है। परिवहन मंत्री ने कहा कि चन्द्रशेखर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर हम सब संकल्प लें कि बलिया के विकास के लिए उन्होंने जो सपने संयोए थे, उसे पूरा करने के लिए सकारात्मक दिशा में कार्य करेंगे।

**अगली बार से सेवा दिवस में रूप में मनाएंगे**– परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर जी के यहां जो भी गया, उसकी मदद जरूर करते थे। अपने समय के पक्ष-विपक्ष सभी नेताओं का ख्याल रखते थे। आवश्यकता पड़ने पर बड़े शहरों में ले जाकर उनका इलाज भी कराते थे। जनसेवा उनकी सोच थी। इसलिए उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर इस तरह का कार्यक्रम एक छोटी सी शुरूआत है। हमारा प्रयास होगा कि अगली बार से यह कार्यक्रम सेवा दिवस के रूप में और बृहद ढ़ंग से मनाया जाए।

**आवास की चाभी व निःशुल्क सिलाई मशीन का किया वितरण**– कार्यक्रम में परिवहन मंत्री ने महिला कल्याण विभाग की योजनान्तर्गत 10 निराश्रित महिलाओं को निःशुल्क सिलाई मशीन दिया, ताकि इसके माध्यम से वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो सकें। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना के 15 लाभार्थियों को आवास की चाभी सौंपी। आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत पांच लाभार्थियों को पीवीसी कार्ड प्रदान किया। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष संत कुमार मिठाई लाल, डीडीओ राजितराम मिश्रा, डीपीएम डा आरबी यादव, बीडीओ हनुमानगंज गजेंद्र प्रताप सहित अन्य गणमान्य लोग व योजनाओं के लाभार्थी मौजूद थे।

## पांच दिन से जला ट्रांसफार्मर, मची त्राहि-त्राहि

रतसर (बलिया)। स्थानीय विद्युत उपकेन्द्र के मसहां गांव में बीते पांच दिन से जला ट्रांसफार्मर अभी तक बदला नहीं जा सका है। इससे पूरे गांव की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप है। बिजली के अभाव में इस उमस भरी गर्मी के मौसम में पेयजल के साथ ही उमस व तपन से लोगों में त्राहि-त्राहि मची हुई है। हद यह है कि हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर पर शिकायत करने के बावजूद विभाग के कान पर कोई जूं नही रेंग रहा है। क्षेत्र के मसहां गांव में 63 केवीए के ट्रांसफार्मर पर सैकड़ों परिवार का कनेक्शन है।यह ट्रांसफार्मर लगभग एक पखवाड़े से क्षतिग्रस्त अवस्था में था। पांच दिन पूर्व वह पूरी तरह से जल गया। इस बीच विभाग ने उसको बदलने की जहमत नहीं उठाया। उपभोक्ताओं ने कई बार विभागीय अधिकारियों को सूचना दी, गुहार लगाई लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा। अब बिजली के अभाव में लोगों को इस गर्मी के मौसम में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### हाईकोर्ट के स्टे ऑर्डर के बाद प्रशासन ने की कार्यवाही



प्रखर मिजार्पुर। कछवा थाना अंतर्गत मझवा गांव में आपसी जमीनी विवाद बड़ने के बाद राज कुमार उपाध्याय ने हाई कोर्ट का सहारा लिया और हाई कोर्ट स्टे के ऑर्डर मिलने के बाद हाई कोर्ट के ऑर्डर की प्रति उन्होंने कछवा थाना अध्यक्ष को सौंपा जिसके उपरांत शासन ने निमार्णाधीन मकान को रुकवा दिया और हाई कोर्ट के ऑर्डर का पालन कराया।

### बोलेरो के धक्के से बाइक सवार की मौत, मित्र घायल

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के बाबतपुर चौबेपुर मार्ग पर नेवादा गांव के सामने शनिवार को सुबह साढ़े 11 बजे बाइक से एयरपोर्ट आ रहे बाइक सवार की बोलेरो से धक्का लगने से मौत हो गई। वही उसका साथी बुरी तरह घायल हो गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु भेज दिया। बताया जाता है कि गाजीपुर जिले के सैदपुर थाना क्षेत्र के बैरवा निवासी विनोद विश्वकर्मा 35 वर्ष दुबई में प्राइवेट नौकरी करता था। सुबह घर से अपने गांव के मित्र दिनेश यादव के साथ बाइक से बाबतपुर एयरपोर्ट जहाज पकड़ने जा रहा था। वह उक्त मार्ग के नेवादा गांव के सामने पहुचा तभी सामने से आ रही बोलेरो से थोड़ी सा टच होने के बाद वह सड़क के किनारे बने मन्दिर के चबूतरे पर हवा में उछलते हुए जा गिरा वही उसका मित्र सड़क के किनारे खेत मे जा गिरा। जिससे विनोद की जहाँ मौत हो गई वही दिनेश का पैर दो जगह से टूट गया। जिसे गम्भीरवस्था में दीनदयाल अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताते हैं कि विनोद दुबई में काम करता था और एक माह पूर्व घर आया था और शनिवार को दोपहर साढ़े 12 बजे उसकी प्लेन थी। समय कम होने के कारण वह तेज गति से बाइक चलाते हुए एयरपोर्ट जा रहा था। तभी उक्त घटना हुई। मृतक विवाहित था और उसे दो बच्चे भी है। घटना की सूचना पर परिजन अपराह्न में फूलपुर थाने पहुचे और शव की शिनाख्त की। उसके बाद पुलिस ने शव को पीएम भेज दिया।

### बड़े भाई ने छोटे भाई पर चाकू से किया वार

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के निन्दनपुर गांव में शनिवार की सुबह 9 बजे बड़े भाई ने छोटे भाई के ऊपर चाकू से वार कर घायल कर दिया। बताते हैं कि छोटा भाई अवधेश मिश्रा 34 वर्ष घर से 100 मीटर दूर स्थित एक पान की दुकान पर पेपर पढ़ रहा था तभी बाइक से पहुचे बड़े भाई ने जमीनी विवाद का हवाला देते हुए कई वार किये। लेकिन आसपास के लोगों से बीच बचाव के चलते उसकी जान बच पाई। बताते है कि दोनों भाइयों के बीच जमीनी विवाद है और छोटा भाई माता पिता के साथ गांव में ही रहता है। जबकि बड़ा भाई शहर में रहता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बड़े भाई आस्तिक मिश्रा के खिलाफ 504, 506 व 324 के तहत मुकदमा दर्ज किया।

### हिन्दू युवा वाहिनी, वाराणसी पौधारोपण कर दे रहे पर्यावरण संरक्षण का संदेश



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। उ०प्र० के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मोत्सव 5 जून से लगातार पौधारोपड़ का कार्यक्रम हिन्दू युवा वाहिनी, वाराणसी पिण्डरा के नि० अध्यक्ष निर्मल सिंह धिरू एवं उनकी टीम द्वारा पिण्डरा ब्लाक के तमाम ग्राम सभा में संपन्न हुआ` जिसमें कल ग्राम सभा घोघली, कृष्णापुर कला एवं प्रसादपुर में पौधारोपड़ हुआ जिस पर निर्मल ने बताया की अब तक कूल १४३ पौधारोपड़ हो चुका है जल्द ही हम सब अपने संकल्प 151 पौधारोपड़ कर समाज को एक नई दिशा पर्यावरण को साफ व सुन्दर बनाने की दिशा में प्रेरित करने पर होगा` इस अभियान में क्षेत्रिय जनमानष से सहयोग प्राप्त हो रहा है जिससे हम सब ऊजार्पूर्ण महसुस कर रहे हैं।

### स्वामी सहजानंद महाविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नगर के स्वामी सहजानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातक कला तथा वाणिज्य संकाय के प्रथम सेमेस्टर और एमए - हिंदी, राजनीति शास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान, सैन्यविज्ञान व एमकाम प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में प्रवेश का कार्य 10 जुलाई 23 दिन सोमवार से समय 10.30 पूर्वाह्न से प्रारंभ कर दिया जाएगा। मालूम हो कि उक्त समस्त कक्षाओं के सेमेस्टर में प्रवेश का कार्य जून महीने से ही चल रहा है. प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र महाविद्यालय की वेबसाइट पर रेजिस्ट्रेसन हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस रेजिस्ट्रेसन फॉर्म की प्रिंट कापी के साथ महाविद्यालय से आवेदनपत्र प्राप्त कर समस्त संलग्नकों के साथ प्रवेश समिति के समक्ष काउंसिलिंग हेतु प्रस्तुत करें। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 वी के राय ने बताया है कि समस्त कक्षाओं में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई 23 है।

### तमन्चा,कारतूस तथा एक मोटर साइकिल के साथ 02आपराधी गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों तथा अवैध शस्त्र तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में शनिवार को थानाध्यक्ष करण्डा मय हमराह द्वारा संदिग्ध वाहन/व्यक्ति व रात्रिगश्त के दौरान मुखबीर की सूचना पर माहेपुर तिराहे से एक अदद नाजायज तमन्चा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस तथा एक अदद मोटर साइकिल हीरो एचएफ डिलक्स के साथ अभियुक्तगण अजय उर्फ घन्टू पुत्र विजय यादव निवासी ग्राम खिजिरपुर थाना करण्डा गाजीपुर तथा राजू यादव पुत्र दीनानाथ यादव निवासी ग्राम चोचकपुर बरवाँ थाना करण्डा गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तो के विरुद्ध सम्बन्धित धारा में मुकदमा पंजीकृत कर थाना करण्डा जनपद गाजीपुर पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाला पुलिस टीम में उप निरीक्षक त्रिवेणी प्रसाद तिवारी, हेड कांस्टेबल रामप्रताप सिंह, कांस्टेबल अश्वनी कुशवाहा, कांस्टेबल प्रफुल्ल कुमार शामिल रहे।

## 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के ट्रेलर पर भड़के लोग




**मुंबई (आईएएनएस)।** फिल्म निर्माता करण जौहर की अपकमिंग फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' का नया ट्रेलर हाल ही रिलीज किया गया, लेकिन ट्रेलर में दिखाए एक सीन पर अब विवाद शुरू हो गया है। दरअसल, करण जौहर पर ट्रेलर के एक सीन में नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर का अपमान करने का आरोप लगाया गया है। ट्रेलर में, जब रॉकी तीन महीने के लिए रानी (आलिया भट्ट) के घर आता है, तो उसकी नजर रवींद्रनाथ टैगोर की एक तस्वीर पर पड़ती है, जिसे वह रानी के दादा के रूप में पहचानता है।

इस गलतफहमी को कहानी में कॉमेडी के तौर पर इस्तेमाल की गई है। इस सीन को लेकर सोशल मीडिया पर करण जौहर की जमकर आलोचना हो रही है। एक यूजर ने लिखा, ट्रेलर मजेदार है, लेकिन इस फ्रेम ने चौंका दिया। एक ने बंगालियों और पंजाबियों को रूढ़िवादी तरीके से दिखाने के लिए करण जौहर की आलोचना की। यूजर ने लिखा, बॉलीवुड कभी भी अतीत से नहीं सीखेगा। आप रवींद्रनाथ टैगोर का मजाक कैसे उड़ा सकते हैं, उनके जैसे कद के व्यक्ति का अनादर करना अस्वीकार्य है।

## कभी धर्मेंद्र से प्यार करती थीं जया बच्चन



**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री जया बच्चन का कहना है कि वह अपने करियर के शुरुआती दिनों में धर्मेन्द्र से प्यार करती थी। करण जौहर निर्मित-निर्देशित फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में धर्मेंद्र और जया बच्चन साथ नजर आएंगे। धर्मेंद्र और जया बच्चन ने शोले और गुड्डी जैसी फिल्मों में भी साथ काम किया है। जया बच्चन ने कहा है कि उन्हें करियर के शुरुआती दिनों में धर्मेंद्र पर क्रश था। जब वह धर्मेंद्र के साथ 'गुड्डी' में काम कर रही थीं तो उनको देखकर सोफे के पीछे छुप जाया करती थीं। जया बच्चन के इस बयान पर धर्मेंद्र ने भी रिएक्शन दिया है। धर्मेंद्र ने कहा, ये जया का प्यार और सम्मान है। मैं जया और अमिताभ को बहुत लंबे समय से जानता हूं। दोनों के साथ काम करने में मुझे मजा आता था। मुझे आज भी शोले की शूटिंग के दौरान बिताए गए मजेदार पल याद हैं।

## विकासशील देशों में छुट्टियां बिताने से स्थानीय असमानता कैसे होती है प्रभावित



पर्यटन उद्योग अक्सर हास्यास्पद रूप से कम वेतन, बिना ब्रेक के लंबे समय तक काम करने और लिव-इन कर्मचारियों के लिए अस्वास्थ्यकर स्थितियों से जुड़ा होता है

■ शेफील्ड (यूके) (द कन्वरसेशन)।

कुछ साल पहले, हम में से एक (एलेक्स) डोमिनिकन गणराज्य में छुट्टियां मनाने गए थे। वजह हर साल लाखों अन्य पर्यटकों के समान थी। दैनिक दिनचर्या से छुटकारा, सूरज और समुद्र तटों का आनंद लेने की इच्छा और एक और ठंडी सर्दी का सामना करने के लिए कुछ ताकत इकट्ठा करना। दुर्भाग्य से, कुछ चीजें सुखद ब्रेक के लिए बहुत अनुकूल नहीं थीं। होटल के कर्मचारी 12 घंटे की शिफ्ट के लिए मात्र एक अमेरिकी डॉलर (0.79 पाउंड) कमा रहे थे। इससे भी बुरी बात यह है कि उनमें से अधिकांश पास के एक झुग्गी-झोपड़ी वाले कस्बे में रहते थे। उनके पास कोई सीवर और कोई विश्वसनीय बिजली व्यवस्था नहीं थी। होटल ने अत्यधिक सस्ते में भोजन प्राप्त करने के लिए स्थानीय किसानों पर भी अपनी शक्ति का दुरुपयोग किया। स्कूलों में अत्यधिक भीड़ हो गई और कई बच्चों ने पढ़ाई छोड़कर इन होटलों और खेतों जैसे व्यवसायों में काम करना शुरू कर दिया, जिससे यह चक्र कायम रहा। इस वास्तविक तस्वीर की पुष्टि देश के आर्थिक आंकड़ों से होती है। प्रत्येक वर्ष सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर अक्सर 5 प्रतिशत से ऊपर होने के बावजूद, डोमिनिकन गणराज्य पर्याप्त असमानता से ग्रस्त है। सबसे धनी एक प्रतिशत लोगों का कुल आय का 30 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि अमेरिका में यह आंकड़ा 18 प्रतिशत है। लेकिन कुल मिलाकर विकासशील देशों में असमानता के लिए पर्यटन कितना बुरा है? हमारे हालिया शोध ने दुनिया भर के 71 देशों को देखते हुए इसका उत्तर देने की कोशिश की है। तस्वीर जटिल है, लेकिन समग्र परिणाम उतने निराशाजनक नहीं हैं कि आपको डरा सकें।

**असमानता :** पर्यटन उद्योग अक्सर हास्यास्पद रूप से कम वेतन, बिना ब्रेक के लंबे समय तक काम करने और लिव-इन कर्मचारियों के लिए अस्वास्थ्यकर स्थितियों से जुड़ा होता है। समर्पित ट्रेड यूनियनें अक्सर मौजूद नहीं होती हैं, या वे कमजोर होती हैं और प्रभावी ढंग से श्रमिकों की रक्षा नहीं कर सकती हैं। पर्यटन अर्थव्यवस्था को भी बिगाड़ सकता है। उदाहरण के लिए, यूके में, कई लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में समुदाय अब घर खरीदने का जोखिम नहीं उठा सकते हैं। फिर भी जब आप देखते हैं कि पर्यटन समग्र रूप से समानता को कैसे प्रभावित करता है, तो मौजूदा संबद्ध साहित्य परस्पर विरोधी परिणाम दिखाता है। कई अध्ययनों से पता चलता है कि इससे आय असमानता बिगड़ती है, जबकि अन्य इसका विपरीत पाते हैं। यदि आप डोमिनिकन गणराज्य के बारे में सोच रहे थे, तो एक अध्ययन से पता चलता है कि पर्यटन का वास्तव में असमानता पर नगण्य प्रभाव पड़ता है।

### फायदे और नुकसान

पर्यटन के अपने पक्ष और विपक्ष हैं। यह लोगों को करीब लाने और अन्य संस्कृतियों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ छुट्टियां मनाने वालों को आनंदित करता है। यह समुदायों को सशक्त बनाता है और वंचित समूहों को अवसर प्रदान करता है, स्थानीय कारीगरों से लेकर जो अपने उत्पाद सीधे ग्राहकों को बेच सकते हैं, उन महिलाओं तक जो अन्यथा काम खोजने के लिए संघर्ष करतीं। पर्यटन समग्र रूप से ढ़ेर सारी नौकरियां और आर्थिक मूल्य कायम रखता है, जिससे यह विकास को बढ़ावा देने के एक तरीके के रूप में सरकारों के लिए आकर्षक बन जाता है। 2019 में दुनिया भर में 1.5 अरब अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आए। उन्हें लगभग 30 करोड़ यात्रा और पर्यटन कर्मियों द्वारा सेवा प्रदान की गई और इस क्षेत्र ने वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 7 प्रतिशत से अधिक उत्पन्न किया। दूसरी ओर, पर्यटन पर्यावरण को ख़राब कर सकता है।

### अध्ययन के नतीजे

पर्यटन और समानता के बीच संबंधों की गहरी समझ हासिल करने के लिए कुछ संभावित निर्धारक कारकों के प्रभाव को देखने वाला हमारा पहला अध्ययन है। इन कारकों में देश के आर्थिक और वित्तीय विकास का स्तर, मुद्रास्फीति दर और धन के पुनर्वितरण की मांग करने वाली सरकारी नीतियां शामिल हैं। हमारा डेटासेट 1996-2016 तक फैला हुआ है।

आदर्श रूप से हमने 71 से अधिक देशों को देखा होगा, लेकिन अन्य को बाहर करना पड़ा क्योंकि अच्छी गुणवत्ता वाला डेटा उपलब्ध नहीं था। हमने पाया कि पर्यटन ने निम्न आय वाले देशों में आय असमानता को कम किया जब यह पुनर्वितरण नीतियों के साथ-साथ चला। उदाहरण के लिए, तंजानिया अपने सकल घरेलू उत्पाद का 17 प्रतिशत पर्यटन से प्राप्त करता है। इससे देश को स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढ़ांचे पर अपना खर्च उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने में मदद मिली है।

धनी देशों में, विपरीत स्थिति थी, बढ़ते पर्यटन ने पुनर्वितरण नीतियों के साथ मिलकर असमानता को बढ़ा दिया। ऐसा हो सकता है कि जिन जगहों पर शिक्षा और बुनियादी ढ़ाचा पहले से ही उच्च स्तर पर है, उनमें सुधार करने से असमानता पर कम प्रभाव पड़ता है। या यह हो सकता है कि कल्याण प्रणाली में सुधार से श्रमिकों का कौशल बढ़ाने और अन्य क्षेत्रों में बेहतर भुगतान वाली नौकरियों की तलाश करने का प्रोत्साहन कम हो जाए। इन संभावनाओं की और जांच की जरूरत है। हमें संदेह है कि जब अमीर देशों में मुद्रास्फीति बढ़ती है, तो पर्यटन श्रमिकों के लिए अपने वेतन पर जल्दी से समझौता करना अधिक कठिन हो जाता है क्योंकि रोजगार अनुबंध अधिक औपचारिक होते हैं। समान रूप से, गरीब देश अक्सर उच्च मुद्रास्फीति के अधिक आदी होते हैं, इसलिए श्रमिक ऐसी बातचीत में अधिक कुशल हो सकते हैं। तो कुल मिलाकर, यह कहना संभव नहीं है कि पर्यटन बढ़ने से असमानता बढ़ती है या कम होती है, यह बहुत हद तक अन्य कारकों पर निर्भर करता है।



## 'उलझ' में आईएफएस ऑफिसर का किरदार निभाएंगी जाह्नवी कपूर

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर अपनी आने वाली फिल्म 'उलझ' में आईएफएस ऑफिसर का किरदार निभाती नजर आएंगी। जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'उलझ' की शूटिंग लंदन में कर रही हैं। जाह्नवी कपूर ने लंदन का शेड्यूल पूरा कर लिया है। जाह्नवी ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म उलझ के सेट से कई ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरें अपलोड कीं और कैप्शन में लिखा, उलझ के 20 दिन पूरे हो गए। अभी 20 और जाने बाकी हैं। फिल्म उलझ में जाह्नवी आईएफएस ऑफिसर का रोल करेंगी।

जाह्नवी कपूर ने बताया, एक एक्टर के तौर पर मुझे फिल्म उलझ की स्क्रिप्ट देखते ही पसंद आ गई। मैं ऐसी फिल्में करना चाहती हूं जो मुझे मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर ला सकें, उलझ की स्क्रिप्ट बिल्कुल वैसी ही है। फिल्म उलझ की कहानी एक ऐसी आईएफएस ऑफिसर की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है जिनके परिवार में भी देशभक्ति का जूनून सवार है। लेकिन, अपने करियर के सबसे जरूरी मोड़ पर जान्वी एक साजिश का शिकार हो जाती हैं और उनकी जान जोखिम में पड़ जाती है।

सुधांशु सरिया फिल्म उलझ को निर्देशित कर रहे हैं और जंगली पिश्चर्स ने फिल्म को प्रोड्यूस किया है। फिल्म में जाह्नवी कपूर के अलावा गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू भी नजर आएंगे।

## फिल्म बवाल का गाना 'तुम्हें कितना प्यार करते' का ऑडियो रिलीज

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और अभिनेत्री जानवी कपूर की आने वाली फिल्म बवाल के गाना 'तुम्हें कितना प्यार करते' का ऑडियो रिलीज हो गया है। नितेश तिवारी निर्देशित फिल्म 'बवाल' के पहले गाने 'तुम्हें कितना प्यार करते' को रिलीज कर दिया गया है। हालांकि, अभी सिर्फ इस गाने का ऑडियो रिलीज किया है। 'बवाल' के इस रोमांटिक ट्रैक में अरिजीत सिंह और मिथुन ने अपनी आवाज दी है। गाने का म्यूजिक मिथुन ने कम्पोज किया है। इस गाने के बोल डायलॉग राइटर मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं। बवाल के इस ऑडियो ट्रैक को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, दिल को छू लेने वाला रोमांटिक मेलोडी 'तुम्हे कितना प्यार करते' रिलीज हो चुका है, जिसे सुपर ट्रायो मिथुन अरिजीत सिंह और मनोज मुंतशिर ने बनाया है।

## सेंसर बोर्ड ने 'भारतीयन्स' से हटाया 'शिव तांडव'

**मुंबई (आईएएनएस)।** लव स्टोरीज बेस्ड 'प्रेमिनचुकुंदम रा' और 'कलिसुंदम रा' के लिए जाने जाने वाले दीना राज 'भारतीयन्स' नामक देशभक्ति फिल्म के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत कर रहे हैं। यह फिल्म चीन की नापाक रणनीति को दर्शाती है और इसे भारत के विभिन्न हिस्सों में स्पेशल स्क्रीनिंग में सेवानिवृत्त भारतीय सेना के जवानों से काफी सराहना मिली है। फिल्म में निरौज पुचा, सोनम थेंडुप बारफुंगपा, सुभा रंजन, समायरा संधू, राजेश्वरी चक्रवती और महेंदर बर्गस प्रमुख भूमिकाओं में हैं।




निर्माता डॉ शंकर नायडू अदुसुमिल्ली, जो एक एनआरआई हैं और अमेरिका के जाने-माने सर्जन हैं, फिल्म में चीन का उल्लेख करने पर सेंसर पैनल की आपत्तियों का विरोध कर रहे हैं। फिल्म अब 70 कट्स के बाद रिलीज होगी। सेंसर बोर्ड ने फिल्म से 'शिव तांडव' पर बना एक गाना भी हटा दिया है। सेंसर टीम के इस फैसले से निराशन निर्माता शंकर नायडू ने कहा, हमें सेंसर बोर्ड से कोई सपोर्ट नहीं मिला है। 'शिव तांडव' एक गाना है जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, हमारी अपील के बावजूद सेंसर बोर्ड ने इसे बिना किसी विचार के काट दिया।

क्या यह हिंदुओं का अपमान करने वाला कदम है जैसे कि हमें अपने महाकाव्यों के सकारात्मक विषयों का प्रचार करने का कोई अधिकार नहीं है? उन्होंने हिंदू देवताओं को नीचा दिखाने वाले और अपमानित करने वाले सीन्स वाली कई फिल्मों को अनुमति दी है। 'भारतीयंस' दीना राज द्वारा लिखित और निर्देशित है और इसमें निरोज पुचा, सुभा रंजन, सोनम थेंडुप बरफुंगपा, समैरा संधू, पेडेन ओ नामग्याल और राजेश्वरी चक्रवती प्रमुख भूमिकाओं में हैं। भारत अमेरिकन क्रिएशन्स के बैनर तले निर्मित यह फिल्म 14 जुलाई, 2023 को सिनेमाघरों में हिंदी और तेलुगु में रिलीज होगी। यूएफओ मूवीज फिल्म का वितरण करेगा।

## इंटरनेशनल इवेंट कॉमिक-कॉन कन्वेंशन में दिखाई जाएगी 'प्रोजेक्ट के' की पहली झलक

**मुंबई (वार्ता)।** प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन की आने वाली फिल्म 'प्रोजेक्ट के' की पहली झलक इंटरनेशनल इवेंट कॉमिक-कॉन कन्वेंशन में दिखाई जाएगी। 'प्रोजेक्ट के' की एक्सक्लूसिव फुटेज को कैलिफोर्निया के सैन डिएगो में होने वाले कॉमिक-कॉन कन्वेंशन इवेंट में दिखाया जाएगा। 20 जुलाई से शुरू होने वाला यह इवेंट 23 जुलाई तक चलेगा। इवेंट की शुरुआत करते हुए वैजयंती मूवीज 19 जुलाई को होने वाली ओपनिंग नाइट पार्टी में इस फिल्म का एक बड़ा हिस्सा एक्सक्लूसिव रूप से फैंस को दिखाएंगे।



## विंबलडन चैम्पियनशिप फाइनल में जलवा बिखेरेंगी सोनम कपूर

**लंदन (आईएएनएस)।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर लंदन में प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट विंबलडन के फाइनल की शोभा बढ़ाएंगी। वो इस इवेंट में उपस्थित होने वाली एकमात्र भारतीय सेलिब्रिटी बन गई हैं। विंबलडन चैम्पियनशिप 1877 से आयोजित होने वाला दुनिया का सबसे पुराना और सबसे प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट है। सोनम विंबलडन चैंपियनशिप में भाग लेंगी और उनका स्टाइल विंबलडन ग्रीन कार्पेट पर दुनिया देखेगी।

इससे पहले सोनम ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के यूके-भारत संबंधों का जश्न मनाते हुए रिसेप्शन में सुर्खीयां बटोरीं थी। सोनम इन दिनों अपनी फिल्म 'ब्लाइंड' की रिलीज की तैयारियों में जुटी हैं। इस क्राइम थ्रिलर फिल्म का निर्देशन शोम मखीजा ने किया है। फिल्म में सोनम मुख्य भूमिका में हैं और पूरब कोहली विनय पाठक और लिलेट दुबे सहायक भूमिकाओं में हैं। 'ब्लाइंड' 2011 की कोरियाई फिल्म का रीमेक है।

## यो यो हनी सिंह की डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म की शूटिंग पूरी

**मुंबई (वार्ता)।** रैपर और सिंगर यो यो हनी सिंह की डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है। यो यो हनी सिंह अपनी डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म को ऑस्कर अवॉर्ड विजेता प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा बना रही हैं। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। फिल्म की शूटिंग पूरी होने की जानकारी हनी सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से साझा की है। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट साझा करते हुए लिखा है, 'डॉक्यूमेंट्री की शूटिंग पूरी हो गई है, मेरे लिए यह एक क्रेजी इमोशनल राइड रही। इसके लिए मैं अपने निर्देशक मोजेज सिंह और प्रोड्ययूसर गुनीत मोंगा का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं कि उन्होंने इतने प्यार और भरोसे के साथ इसे बनाया। इसे शूट करते हुए करीब डेढ़ साल हो गया। अब फाइनली कुछ महीनों में यह रिलीज होने वाली है। मेरी जिंदगी को करीब से जानने के लिए तैयार रहिए। जय भोलेनाथ, सतनाम वाहेगुरू'। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। डॉक्यूमेंट्री फिल्म के जरिए फैंस हनी सिंह की जिंदगी के अनजान पहलू से रूबरू हो सकेंगे। साथ ही हनी सिंह की जिंदगी में आए तमाम उतार-चढ़ावों को भी दिखाया जाएगा।





## इटली में वेकेशन मना रही हैं करीना

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर इन दिनों इटली में वेकेशन मना रही है। करीना कपूर खान के इटली वेकेशन की कुछ नई तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें वह अपने पति सैफ अली खान और बेटे तैमूर और जेह अली खान के साथ नजर आ रही हैं। करीना कपूर खान ने अपने इंस्टाग्राम टाइमलाइन पर खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। फोटो में करीना पीले रंग के को-ऑर्ड सेट में कैमरे की ओर पीठ करके समुद्र और स्काई की सुंदरता को निहारती हुई नजर आ रही हैं। करीना कपूर ने तस्वीर को कैप्शन दिया, मन की स्थिति।

## संक्षिप्त खबरें

### रॉसनेफ्ट के निदेशक मंडल में जीके सतीश शामिल

**नई दिल्ली।** रूस की अग्रणी ऊर्जा कंपनी रॉसनेफ्ट ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के पूर्व निदेशक जी के सतीश को अपने निदेशक मंडल में जगह देकर भारत के साथ कारोबारी रिश्तों को मजबूत करने के संकेत दिए हैं। रॉसनेफ्ट ने एक बयान में सतीश को अपने 11 सदस्यीय निदेशक मंडल में शामिल किए जाने की जानकारी दी। उनके साथ दो अन्य निदेशक भी नियुक्त किए गए हैं। सतीश इस रूसी कंपनी के निदेशक मंडल में शामिल होने वाले पहले भारतीय हैं। वह वर्ष 2021 में सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी आईओसी के निदेशक (कारोबार विकास) के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। रॉसनेफ्ट के साथ आईओसी की रूस में कुछ तेल एवं गैस क्षेत्रों में साझेदारियां हैं। वह आईओसी के अलावा कुछ अन्य भारतीय कंपनियों को भी कच्चा तेल बेचती है।

### गति ने डिलीवरी नेटवर्क का किया विस्तार

**मुंबई।** देश की अग्रणी एक्सप्रेस लॉजिस्टिक एवं सप्लाई चेन से संबंधित समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी गति लिमिटेड ने अपने डायरेक्ट डिलीवरी कवरेज नेटवर्क में 1000 और पिन कोड को जोड़ा है। इसके साथ ही कंपनी ने अपनी डायरेक्ट कवरेज में 25 फीसदी तक का इजाफा किया है। ट्रांसपोर्टेशन, वेयरहाउसिंग और सर्विस डिलीवरी से जुड़ी गति की बेजोड़ क्षमताओं की वजह से बिजनेसेज अब देशभर में अपने कारोबार का विस्तार प्रभावी और टिकाऊ तरीके से कर सकते है। इस डेवलपमेंट को लेकर गति लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर पिरोजशॉ सरकारी ने कहा,1000 और पिनकोड तक सीधी डिलीवरी के साथ हमने देशभर में अपने डायरेक्ट डिलीवरी नेटवर्क का और विस्तार किया है।

### एमेजॉन ने लॉन्च किया कस्टमाइज्ड फीचर

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन मार्केटप्लेस एमेजॉन इंडिया ने अपना पहला फ्री सेल्फ-सर्व प्रोडक्ट कस्टमाइजेशन फीचर'कस्टमाइ़ा योर प्रोडक्ट'को पेश किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह फीचर 76 विभिन्न कैटेगरी के 10,000 से अधिक प्रोडक्ट के कलेक्शन के साथ उपलब्ध हो गया है। उसने कहा कि यह फीचर ग्राहकों को विंडो ब्लाइंड्स , कंबल, होम डेकोर, वॉल आर्ट, साइनेज, फर्नीचर, एनग्रेव्ड पैन, नैकलेस , पानी की बोतल, मग, कपड़े, ज्वैलरी ऑर्गैनाइजर, गोल्फ क्लब, फोन कवर, नोटबुक सहित विभिन्न प्रकार के उत्पादों को अपनी क्रिएटिविटी के अनुसार पर्सनलाइज करने में मदद करता है।

### अरविंद मेदीरत्ता बने हिप्पो स्टोर्स के सीईओ

**नई दिल्ली।** खुदरा कारोबार क्षेत्र के अनुभवी अरविंद मेदीरत्ता निर्माण सामग्रियों की बिक्री करने वाली कंपनी हिप्पो स्टोर्स टेक्नोलॉजी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बनाए गए हैं। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया के पूर्व सीईओ मेदीरत्ता ने डालमिया भारत समूह की फर्म हिप्पो स्टोर्स टेक्नोलॉजी के सीईओ का दायित्व संभाल लिया है। वह समूह के चेयरमैन पुनीत डालमिया को सीधे रिपोर्ट करेंगे। हिप्पो स्टोर्स के जरिये घरों के निर्माण एवं मरम्मत से जुड़ी सामग्रियों को एक मंच पर मुहैया कराया जाता है। इसके पहले मेदीरत्ता फरवरी, 2016 से मई, 2023 तक मेट्रो कैश एंड कैरी के मुखिया थे। रिलायंस रिटेल के हाथों मेट्रो कैश एंड कैरी का अधिग्रहण सौदा पूरा करने में उनकी अहम भूमिका रही थी।

### मोटोरोला ने दो नए स्मार्टफोन उतारे

**नई दिल्ली।** मोबाइल हैंडसेट निर्माता मोटरोला ने भारतीय स्मार्टफोन के बाजार में अपनी फ्लैगशिप रेज़र स्मार्टफोन सीरीज में मोटोरोला रेज़र 40 अल्ट्रा और रेज़र 40 लॉन्च किए है। इस नई फैमिली का हरेक फोन उन आधुनिक उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाया गया है, जो सबसे अलग दिखना चाहते है और अपने लिए मॉडर्न फ्लिपफोन का बेस्ट वर्जन चाहते है। मोटोरोला ने बॉलीवुड की प्रमुख अभिनेत्री कृति सेनन को शहर में आज हुए लॉन्च इवेंट में अपना नया ब्रांड एंबेसेडर बनाने की घोषणा की। मोटोरोला एशिया पैसिफिक के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रशांत मणि ने लॉन्च के अवसर पर कहा, हम प्रतिष्ठित रेज़र की विरासत के दो नए फोन लॉन्च कर उत्साहित है। *(एजेंसियां)*

# विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 595 अरब डॉलर हुआ

**मुंबई (वार्ता)।**

विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में बढ़ोतरी होने से 30 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.9 अरब डॉलर बढ़कर 595.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 2.9 अरब डॉलर घटकर 593.2 अरब डॉलर रहा था।



रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 30 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.54 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 527.9 अरब डॉलर पर पहुंच गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 47.2 करोड़ डॉलर घटकर 43.8 अरब डॉलर रह गया।

इसी तरह आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 9.5 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 18.24 अरब डॉलर पर आ गया। इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 11.8 करोड़ लाख डॉलर की गिरावट लेकर पांच अरब डॉलर रह गई।

# 43 हवाईअड्डों पर 'क्लाउड' आधारित प्रौद्योगिकी शीघ्र

**नई दिल्ली (भाषा)।**



- एएआई ने किया एसआईटीए के साथ समझौता
- इस सौदे से 2,700 से अधिक यात्री 'टचप्वाइंट' में सुधार देखने को मिलेगा

भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण (एएआई) और वैश्विक एयरलाइन सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा समाधान क्षेत्र में काम करने वाली एसआईटीए ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत देश के 43 हवाई अड्डों पर यात्रियों और सामान से संबंधित कार्य के लिए क्लाउड आधारित प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल किया जाएगा।

सोसाइटी इंटरनेशनल डी टेलीकम्युनिकेशंस एयरोनॉटिक्स (एसआईटीए) हवाई परिवहन उद्योग के लिए वैश्विक सूचना और दूरसंचार समाधान की एक अग्रणी सेवा प्रदाता है। अधिकारियों ने कहा कि इस सौदे से 2,700 से अधिक यात्री 'टचप्वाइंट' में सुधार देखने को मिलेगा, जिससे यात्रियों की आधुनिक समय की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए समाधान अपनाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

उन्होंने बताया कि शुरुआत में 43 हवाई अड्डों पर तैनात प्रौद्योगिकियों को अगले सात वर्षों में अतिरिक्त 40 हवाई अड्डों तक विस्तारित जा सकता है और इस अवधि में 50 करोड़ से अधिक यात्रियों के आने की उम्मीद है। एसआईटीए के एशिया प्रशांत क्षेत्र के अध्यक्ष सुमेश पटेल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह समाधान यात्रियों को उनकी यात्रा पर अधिक नियंत्रण प्रदान करेंगे और बुनियादी ढाँचे में कमी एवं परिचालन दक्षता में वृद्धि से हवाई अड्डों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही, एयरलाइन को सेवा शुल्क में कमी देखने को मिलेगी और यात्रियों का अनुभव विशेष बनाने के लिए उनके द्वारा आधुनिक प्रौद्योगिकी मंच का लाभ उठाया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'भारत में हवाई अड्डों की संख्या आज के 148 से बढकर 2025 तक 220 होने की उम्मीद है। नए हवाई अड्डे दस लाख से अधिक आबादी वाले भारत के लगभग 50 शहरों को एक साथ लाएंगे, जिससे लंबी अवधि में पर्याप्त आर्थिक मूल्य पैदा होगा। इन शहरों को बेहतर तरीके से जोड़कर हवाई यात्रा और परिवहन के माध्यम से भारत की आर्थिक वृद्धि की पूरी क्षमता का लाभ उठाने में भी मदद मिलेगी।'

जिनेवा आधारित एसआईटीए निर्बाध, सुरक्षित और टिकाऊ हवाई यात्रा सुनिश्चित करने के लिए एयरलाइन, हवाई अड्डों, विमानों और सरकारों के लिए प्रौद्योगिकी-आधारित समाधान प्रदान करती है। क्लाउड कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी उपयोगकर्ताओं को उनके इंटरनेट से जुड़े उपकरणों- कंप्यूटर, स्मार्टफोन, टैबलेट और अन्य के माध्यम से स्टोरेज, फाइल, सॉफ्टवेयर और सर्वर तक पहुंच प्रदान करती है। क्लाउड कंप्यूटिंग प्रदाता डाटा को संबंधित स्थान पर संग्रहीत और संसाधित करते हैं।

# देश भर में एथनॉल मिक्स पेट्रोल जल्द

**मुंबई (भाषा)।**

- पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण वाले पेट्रोल पंपों की संख्या 600 के पार
- 2025 तक पूरे देश में होंगे ई-20 वाले विशेष पेट्रोल पंप
- समय से पहले लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे : पुरी



पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि बीस प्रतिशत एथनॉल मिश्रण वाले ईंधन (ई-20) की खुदरा बिक्री के लिए 2025 तक पूरे देश में विशेष पेट्रोल पंप होंगे। ई-20 ईंधन में पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल का मिश्रण होता है।

पुरी ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से उद्योग संगठन इंडियन मर्चेन्ट चैंबर (आईएमसी) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को संबोधित करते हुए कहा कि पहला ई-20 स्टेशन इस साल आठ फरवरी को शुरू हो गया। यह लक्षित समय अप्रैल से बहुत पहले था। अभी तक इनकी संख्या 600 को पार कर चुकी है और 2025 तक यह पूरे देश में होंगे।

उन्होंने कहा कि मंत्रालय इसी महीने एक वैश्विक जैव-ईंधन गठबंधन पेश करेगा। मंत्री ने कहा कि पेट्रोल में एथनॉल का मिश्रण 2013-14 में 1.53 प्रतिशत से मार्च, 2023 में लगभग 11.5 प्रतिशत हो गया है। मात्रा के हिसाब से, एथनॉल मिश्रित पेट्रोल 2013-14 में 38 करोड़ लीटर से बढ़कर 2021-22 में 433.6 करोड़ लीटर हो गया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह, जैव-ईंधन बेचने वाले पेट्रोल पंपों की संख्या 2016-17 में लगभग 29,890 से लगभग तीन गुनी 67,640 हो गई है। सरकार का लक्ष्य 2025 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का है। सरकार लक्षित समय से पहले इसे 11.5 प्रतिशत कर चुकी है।

सरकार ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिलाने के लक्षित समय को 2030 से पांच साल पहले कर 2025 किया है। पेट्रोल में 10 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य भी समय से पहले जून 2022 में ही प्राप्त कर लिया गया। पुरी ने कहा कि रूस और अन्य गैर-खाड़ी बाजारों से कच्चे तेल के बढ़ते आयात के साथ, देश ने आयात का दायरा भी बढ़ाया है। वित्त वर्ष 2006-07 में 27 देशों से आयात होता था, जो 2023 में बढ़कर 39 पहुंच गया है।

### हरित हाइड्रोजन के उपयोग पर दिशानिर्देश जल्द

**नई दिल्ली (भाषा)।** सरकार देश में हरित हाइड्रोजन के इस्तेमाल के बारे में कानूनी प्रावधान सुनिश्चित करने के लिए एक दिशानिर्देश जारी कर सकती है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में सचिव भूपिंदर सिंह भल्ला ने शुक्रवार को यहां अंतरराष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा, 'हरित हाइड्रोजन के उपयोग संबंधी दिशानिर्देश लाने का प्रावधान हाइड्रोजन मिशन में भी है। ऊर्जा संरक्षण अधिनियम में संशोधन के बाद उसमें यह कानूनी प्रावधान किया गया है कि निर्धारित होने पर अनिवार्यता का पालन किया जाए।' उन्होंने कहा कि सरकार पहले हरित हाइड्रोजन की आने वाली मांग, उसकी आपूर्ति के लिए जरूरी संसाधनों की उपलब्धता और अन्य पहलुओं पर गौर कर रही है। इस बारे में संबंधित मंत्रालयों और क्षेत्रों के साथ परामर्श प्रक्रिया जारी है। भल्ला ने कहा कि हाइड्रोजन मिशन के तहत वर्ष 2030 तक होने वाले कुल हरित हाइड्रोजन उत्पादन का करीब 70 प्रतिशत हिस्सा निर्यात किया जाएगा।

## सेंसेक्स ने लगाया 505 अंक का गोता

**मुंबई (भाषा)।**

घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 505 अंक टूटकर रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आ गया। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच वित्तीय, सूचना प्रौद्योगिकी और तेल कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली होने से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 505.19 अंक यानी 0.77 प्रतिशत की गिरावट के साथ 65,280.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 25 नुकसान में जबकि पांच लाभ में रहे। कारोबार के दौरान यह 65,175.74 से 65,898.98 अंक के दायरे में रहा।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी आठ दिन की लगातार तेजी के बाद 165.50 अंक यानी 0.85 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,331.80 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 शेयरों में से 44 नुकसान में जबकि छह लाभ में रहे।

सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से पावरग्रिड सबसे ज्यादा 2.76 प्रतिशत नीचे आया। इसके अलावा, इंडसइंड बैंक, एचयूएल, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी लि., आईटीसी, इन्फोसिस, एल एंड टी, बजाज फाइनेंस, कोटक बैंक, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा भी नुकसान में रहें। दूसरी तरफ टाटा मोटर्स में सर्वाधिक 2.94 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एसबीआई और टीसीएस भी लाभ में रहें। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक लिवाल बने हुए हैं। उन्होंने बृहस्पतिवार को 2,641.05 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे।

# ऑनलाइन गेमिंग के लिए कर ढांचा विकसित करना जरूरी

**नई दिल्ली (वार्ता)।**

- ऑनलाइन गेमिंग बाजार 2025 तक 5 अरब डालर का हो जाएगा
- यह उद्योग स्पष्ट कर ढांचा विकसित होने से ज्यादा एफडीआई को आकर्षित करेगा
- ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी लागू करने का मुद्दा दो साल से प्रस्तावित

देश में बढ़ते ऑनलाइन गेमिंग उद्योग के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद से एक कर ढांचा विकसित किये जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष जॉन जोसेफ ने ऑनलाइन गेमिंग उद्योग के लिए एक कर ढांचा बनाये जाने की आवश्यकता बताते हुये कहा है "जैसे-जैसे ऑनलाइन गेमिंग उद्योग विकसित हो रहा है जीएसटी परिषद के लिए एक कर ढांचा विकसित करना महत्वपूर्ण है जो इसकी अनूठी प्रकृति को स्वीकार करता है और इसके विकास का समर्थन करता है।

ऑनलाइन गेमिंग उद्योग पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ा है। उद्योग में तकरीबन 20000 करोड़ का निवेश हुआ है और उम्मीद है कि 2025 तक 50000 करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। इस संबंध में फैसला उद्योग के बेहतर विकास के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा, ज्यादा एफ डी आई को आकर्षित करेगा, और 2025 - 26 तक एक लाख करोड़ डॉलर डिजिटल अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण को प्राप्त करने में मुख्य भूमिका निभाएगा।

उद्योग का कहना है कि ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी लागू करने का मुद्दा दो सालों से अधिक से चल रहा है। 2021 में, परिषद ने ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और रेस पर कराधान का सुझाव देने के लिए मंत्रियों का समूह बना था। इस समूह ने सुझाव दिया है कि ऑनलाइन गेमिंग के लिए कांटेस्ट ऐंट्री अमाउंट (सीईए) के कुल मूल्य पर 28 प्रतिशत जीएसटी लागू किया जाए जो कि कसीनो, लाटरी और रेस से सम्बंधित है।

उद्योग के अनुसार प्रस्तावित जीएसटी दरों से ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्मों के लिए परिचालन लागत में वृद्धि होगी जिसे वे उपयोगकर्ताओं पर डालने के लिए मजबूर होंगे, जिससे भागीदारी कम हो जाएगी और पूरा क्षेत्र निष्क्रिय हो जाएगा। इसके अलावा, ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र के बढ़ने से क्लाउड कंप्यूटिंग, गेम डिजाइनिंग, डिजिटल भुगतान समाधान और एनीमेशन जैसे विभिन्न सहायक उद्योगों का विकास हुआ है। यह अनुमान लगाया गया है कि ऑनलाइन गेमिंग बाजार 2022 में 2.8 अरब डॉलर से बढ़कर 2025 में 5 अरब डॉलर का हो जाएगा।

# क्रिकेट विश्व कप के मेजबान शहरों में 500 होटल जोड़ेगी ओयो

**नई दिल्ली (भाषा)।** आतिथ्य सेवा से जुड़े प्रौद्योगिकी मंच ओयो ने शुक्रवार को कहा कि भारत में होने वाले एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप के मैचों की मेजबानी करने वाले शहरों में उसकी अगले तीन महीनों में करीब 500 नए होटल जोड़ने की योजना है। ओयो ने एक बयान में कहा कि विश्व कप टूर्नामेंट के मैचों के आयोजन स्थलों के आसपास मौजूद होटल को साथ में जोड़ा जाएगा। दुनिया भर से आने वाले क्रिकेटप्रेमियों को ध्यान में रखते हुए नए होटल मंच से जोड़ने की तैयारी है।

कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा, 'ओयो अगले तीन महीनों में विश्व कप मैचों के आयोजन वाले शहरों में 500 होटल अपने साथ जोड़ेगी। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि अपनी पसंदीदा टीम को खेलते हुए देखने के लिए आने वाले दर्शकों को सुविधाजनक एवं किफायती रिहाइश मिले।' इस साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में क्रिकेट विश्व कप खेला जाने वाला है। इसके मुकाबले अहमदाबाद, हैदराबाद, दिल्ली, धर्मशाला, चेन्नई, लखनऊ, बेंगलुरु, मुंबई, कोलकाता और पुणे में खेले जाएंगे।

इस बीच ऑनलाइन यात्रा सेवाएं देने वाली कंपनी मेकमाईट्रिप ने विश्व कप मैचों के मेजबान शहरों के निवासियों से अपने मकान सूचीबद्ध करने को कहा है। होटल के बजाय घरों में मेहमान के तौर पर ठहरने (होमस्टे) के बढ़ते चलन को देखते हुए मेकमाईट्रिप ने यह सुविधा शुरू की है।

## रुपया 13 पैसे की गिरावट के साथ 82.73 प्रति डॉलर पर

**मुंबई (भाषा)।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 13 पैसे की गिरावट के साथ 82.73 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में नरमी तथा कच्चातेल कीमतों के बढने से रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.68 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 82.63 के उच्चतम स्तर और 82.75 के निचले स्तर को छूने के बाद अंत में अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले 13 पैसे की गिरावट के साथ 82.73 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 82.60 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 103.05 रहा।

# मैकडॉनल्ड्स के बर्गर से टमाटर नदारद

**नई दिल्ली (भाषा)।** फास्टफूड शृंखला मैकडॉनल्ड्स ने टमाटर की आसमान छूती कीमतों के बीच देश के उत्तरी एवं पूर्वी क्षेत्रों के अपने अधिकांश रेस्तरां में खाने के सामान में टमाटर का इस्तेमाल बंद कर दिया है। कुछ जगहों पर टमाटर के दाम 150 रुपये प्रति किलो से भी ऊपर हो गए हैं। हालांकि कंपनी ने कहा है कि अच्छी गुणवत्ता के टमाटर उपलब्ध नहीं होने के कारण वह खाने के सामान में इसका उपयोग नहीं कर रही है।

मैकडॉनल्ड्स इंडिया (नॉर्थ एंड ईस्ट) ने कहा कि वह 'फिलहाल टमाटरों पर रोक' लगाने के लिए मजबूर है और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाकर इस मुद्दे को हल करने का प्रयास कर रही है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, "कुछ क्षेत्रों में मौसमी फसल संबंधी समस्याओं के कारण, हमारे गुणवत्ता निर्देशों के अनुरूप सब्जियां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हैं। अपने ग्राहकों को बेहतरीन गुणवत्ता के उत्पाद देने की अपनी पहचान के अनुरूप हम फिलहाल टमाटर पर रोक लगाने के लिए मजबूर हैं।"



बर्गर जैसे कुछ लोकप्रिय उत्पादों में टमाटर की कमी को लेकर सोशल मीडिया पर भी चर्चाएं का दौर जारी है। सोशल मीडिया उपयोगकर्ता बिना टमाटर वाले बर्गर की तस्वीरें साझा कर रहे हैं।

**कीमतों के चलते बहुराष्ट्रीय कंपनी को भी अपने मेन्यू से टमाटर को करना पड़ा बाहर**

कुछ लोगों ने मैकडॉनल्ड्स रेस्तरां पर लगाए गए नोटिस को भी साझा किया जिसमें ग्राहकों को टमाटर की अस्थायी अनुपलब्धता के बारे में सूचित किया गया है। मैकडॉनल्ड्स के प्रवक्ता ने कहा, "हम यह बात दोहरा रहे हैं कि ऐसा कीमतों में उछाल के कारण नहीं हुआ है। यह हमारे गुणवत्ता मानकों के अनुरूप टमाटर नहीं मिलने के कारण हुआ है।' उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब-चंडीगढ़ क्षेत्र के रेस्तरां में टमाटर से बनने वाले खाद्य पदार्थ ग्राहकों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन क्षेत्रों में खाने के सामान में टमाटर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जा रहा है।

# ट्विटर ने थ्रेड्स को लेकर मेटा को दी कानूनी कार्रवाई की धमकी

**न्यूयॉर्क (एपी)।**

माइक्रो ब्लॉगिंग मंच ट्विटर ने फेसबुक का संचालन करने वाली कंपनी मेटा के लिखित संदेश पर आधारित नए ऐप थ्रेड्स को लेकर उस पर कानूनी कार्यवाही करने की धमकी दी है। सेमाफोर के पास उपलब्ध एक पत्र के मुताबिक, ट्विटर के एक वकील ने मेटा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मार्क जुकरबर्ग को लिखे पत्र में ट्विटर के कारोबारी रहस्यों का गैरकानूनी रूप से इस्तेमाल करने और बौद्धिक संपदा अधिकारों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है।

ट्विटर का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील एलेक्स स्पिरो ने बुधवार को लिखे इस पत्र में कहा है कि मेटा ने ट्विटर के पूर्व कर्मचारियों को काम पर रखते हुए थ्रेड्स के रूप में एक 'नकलची' ऐप बनाया है। स्पिरो ने कहा, 'इस मामले में ट्विटर अपने बौद्धिक संपदा अधिकारों को लागू करने का इरादा रखती है। अन्याय से राहत पाने के लिए कंपनी दीवानी उपायों का इस्तेमाल करेगी।' ट्विटर के वकील ने जुकरबर्ग को लिखे पत्र को एक 'औपचारिक नोटिस' बताते हुए कहा है कि संभावित कानूनी विवाद में यह प्रासंगिक दस्तावेज होगा। मेटा ने बुधवार रात को संदेश आधारित ऐप थ्रेड्स को पेश किया था और कुछ घंटों में ही लाखों लोगों ने इसे डाउनलोड कर लिया। इस ऐप का विकास मेटा की इंस्टाग्राम टीम ने किया है और इसे ट्विटर की बादशाहत को एक चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने मेटा पर कानूनी कार्यवाही की संभावना को लेकर कोई ट्वीट नहीं किया है लेकिन उन्होंने थ्रेड्स को पेश किए जाने पर अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। ट्विटर की सीईओ लिंडा याकारिनो ने बृहस्पतिवार को एक ट्वीट में कहा, 'हमारी अक्सर नकल की जाती है... लेकिन ट्विटर समुदाय को कभी भी दोहराया नहीं जा सकता है।' मेटा के नए ऐप थ्रेड्स को लेकर कुछ चिंताएं भी जताई जा रही हैं। दुनिया के 100 से अधिक देशों में थ्रेड्स को पेश किया जा चुका है लेकिन यूरोपीय संघ ने अपने सख्त डेटा सुरक्षा नियमों की वजह से इसे अभी मंजूरी नहीं दी है।

## सेबी सात अगस्त को करेगा स्वर एग्रोटेक की संपत्तियों की नीलामी

**नई दिल्ली (भाषा)।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को कहा कि वह स्वर एग्रोटेक इंडिया लि. की दो संपत्तियों की बिक्री के लिए सात अगस्त को नीलामी करेगा। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक सार्वजनिक सूचना में कहा कि गैरकानूनी निवेश योजनाओं के माध्यम से करीब 95 लाख रुपये उगाहने वाली कंपनी स्वर एग्रोटेक से इस राशि की वसूली के लिए उसकी दो संपत्तियों की नीलामी की जाएगी।

सेबी ने इन संपत्तियों की नीलामी के लिए कुल 1.07 करोड़ रुपये का आरक्षित मूल्य तय करते हुए कहा कि इच्छुक उम्मीदवार 17-21 जुलाई को उत्तर प्रदेश में स्थित इन भूखंडों का मुआयना कर सकते हैं। सेबी ने मार्च, 2016 में कंपनी और उसके निदेशकों को निवेशकों के पैसे लौटाने का निर्देश दिया था लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

# सुप्रीम कोर्ट ने स्पाइसजेट का आवेदन किया खारिज

**नई दिल्ली (वार्ता)।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को स्पाइसजेट की वह गुहार ठुकरा दी, जिसमें काल एयरवेज और कलानिधि मारन को मध्यस्थता के माध्यम से तय 380 करोड़ रुपये के एक हिस्से के तौर पर 75 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए एक बार फिर समय बढ़ाने की मांग की गई थी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने मांग को नकारते हुए कहा कि स्पाइसजेट लिमिटेड का यह आवेदन तय धनराशि का भुगतान न करने की देरी की रणनीति के अलावा कुछ भी नहीं है।

पीठ ने पाया कि स्पाइसजेट अदालतों के आदेशों का पालन नहीं कर रही है। उसके द्वारा समय विस्तार की मांग करने वाले आवेदन में दी गई दलीलें अनुचित हैं। इस आवेदन का एकमात्र उद्देश्य मध्यस्थ राशि के भुगतान करने में देरी करना और अदालती आदेशों के बावजूद तय राशि के भुगतान से बचना है।

पीठ ने स्पाइसजेट को फटकार लगाई और चेतावनी देते हुए कहा, 'यदि आदेशों का अनुपालन नहीं किया जाता है तो इसके परिणाम अवश्य भुगतने होंगे। व्यावसायिक नैतिकता सुनिश्चित करने का यही एकमात्र तरीका है।' शीर्ष अदालत ने इस साल फरवरी में स्पाइसजेट को आदेश दिया था कि वह 380 करोड़ रुपए में से 75 करोड़ रुपए का भुगतान मई तक कर दे।

# दलीप ट्रॉफी : पुजारा ने प्रथम श्रेणी में 60वें शतक से आलोचकों को दिया जवाब

एजेंसी ⏭ अलूर

अनुभवी भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा की शतकीय पारी के दम पर पश्चिम क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में शुक्रवार को तीसरे दिन के खेल की समाप्ति पर मध्य क्षेत्र के खिलाफ अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली। पुजारा की 278 गेंद में 133 रन के बूते टीम ने बारिश से प्रभावित दिन का खेल खत्म होने तक नौ विकेट पर 292 रन बनाकर कुल 384 रन की बड़ी बढ़त कायम कर ली। पश्चिम क्षेत्र ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 149 रन पर की। उस समय पुजारा 50 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्होंने 366 मिनट की पारी में 278 गेंदों का सामना किया है और इस दौरान 14 चौके तथा एक छक्का लगाया।

- पश्चिम क्षेत्र ने मध्य क्षेत्र के खिलाफ बनाई 384 रन की बढ़त
- चेतेश्वर ने 278 गेंद में बनाए 133 रन, टीम के नौ विकेट पर 292 रन



### पुजारा ने की स्वछंद बल्लेबाजी

विकेटकीपर हेत पटेल (27) ने पांचवें विकेट के लिए पुजारा के साथ 47 रन की साझेदारी की। पुजारा ने इस दौरान संभल कर बल्लेबाजी करने पर ध्यान दिया और सिर्फ वैसी ही गेंदों पर रन बनाए जो कमजोर थी। लंच के बाद दिन के दूसरे सत्र में उन्होंने सौरभ के खिलाफ लगातार दो चौके लगाकर प्रथम श्रेणी में अपना 60वां शतक पूरा किया। तीन अंक के आंकड़े में पहुंचने के बाद पुजारा ने स्वछंद बल्लेबाजी की और भारतीय टीम से बाहर होने की टीस निकाली। टीम एक छोर से विकेट गंवा रही थी लेकिन पुजारा दूसरे छोर पर डटे रहे। वह दिन के आखिरी ओवर की अंतिम गेंद पर एक रन लेकर स्ट्राइक अपने पास रखने की कोशिश में रन आउट हो गए। मध्य क्षेत्र के लिए सौरभ ने चार और सारांश ने तीन विकेट लिए। तेज गेंदबाज यश ठाकुर को एक सफलता मिली।

## विजयकुमार ने झटके 5 विकेट दक्षिण को मिला 215 का लक्ष्य

*बेंगलुरु। तेज गेंदबाज वी विजयकुमार के पांच विकेट से दूसरी पारी में उत्तर क्षेत्र का मध्यक्रम चरमरा गया जिससे दक्षिण क्षेत्र को शुक्रवार को यहां दलीप ट्राफी सेमीफाइनल में तीसरे दिन जीत के लिए 215 रन का लक्ष्य मिला। स्टंप तक दक्षिण क्षेत्र ने बिना विकेट गंवाए 21 रन बना लिए थे। उसके सलामी बल्लेबाज बी साई सुदर्शन तीन और अनुभवी मयंक अग्रवाल 15 रन बनाकर क्रीज पर डटे थे। सुबह उत्तर क्षेत्र ने तीन विकेट पर 146 रन के स्कोर से खेलना शुरु किया जिसके बाद विजयकुमार ने पुरानी*



*गेंद से कहर बरपा दिया और टीम का स्कोर आठ विकेट पर 171 रन हो गया। बारिश से प्रभावित तीसरे दिन उत्तर क्षेत्र की दूसरी पारी 56.4 ओवर में महज 211 रन पर सिमट गई। कर्नाटक के तेज गेंदबाज विद्वत कावेरप्पा (47 रन देकर दो विकेट) ने अंकित कलसी को स्टंप के पीछे आउट रिकी भुई को कैच आउट कराया। प्रतिभाशाली प्रभसिमरन सिंह (93 गेंद में 63 रन) और हरियाणा के अंकित कुमार (29 रन) ने चौथे विकेट के लिए 85 रन की भागीदारी निभाकर टीम को संभाला।*

### खबर संक्षेप



#### प्रणवी ने सिंगापुर में कट में बनाई जगह

**सिंगापुर।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने खराब मौसम से प्रभावित ट्रस्ट सिंगापुर लेडीज मास्टर्स के दूसरे दौर में इवन पार 72 का कार्ड खेला, जिससे वह कट में जगह बनाने में सफल रही। प्रणवी एकमात्र भारतीय रहीं जिन्होंने दूसरे दौर का खेल पूरा किया। वह अभी संयुक्त 37वें स्थान पर हैं। पहले दिन तीन ओवर 75 का कार्ड खेलने वाली प्रणवी ने दूसरे दौर में दो बर्डी बनाई और इस बीच एक डबल बोगी की। भारत के अन्य गोल्फरों में अवनी प्रशांत दूसरे दौर में 15 होल तक खेलने के बाद संयुक्त 48वें स्थान पर हैं।

#### बेहतर प्रदर्शन की राह पर पुरुष हॉकी टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने



शुक्रवार को कहा कि टीम बेहतर प्रदर्शन के 'नए भारतीय तरीके' तलाशने की राह पर है। दक्षिण अफ्रीका के फुल्टन ने कहा कि उनके हमवतन उपटन के आने से खिलाड़ियों को हमेशा दूसरों के निर्देशों पर निर्भर रहने की बजाय अपनी आवाज तलाशने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, 'पैडी टीम को जिम में अभ्यास करते देख रहे हैं और इस सप्ताह हर खिलाड़ी के साथ व्यक्तिगत सत्र भी लिया।

#### तमीम ने प्रधानमंत्री से मुलाकात कर वापस लिया संन्यास का फैसला



**ढाका।** बांग्लादेश के वनडे कप्तान तमीम इकबाल ने वर्ल्ड कप 2023 से तीन महीने पहले अचानक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। अब प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात के बाद उन्होंने अपना फैसला बदल दिया है। तमीम इकबाल ने गुरुवार को चट्टोग्राम में प्रेस कांफ्रेंस करके संन्यास की घोषणा की। उनके इस फैसले से बांग्लादेश क्रिकेट में खलबली मचा दी थी।

### क्रिकेट : इंग्लैंड पहली पारी में 237 रन पर ढेर

# ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड पर बनाई 142 की बढ़त, स्मिथ 100वें टेस्ट में फेल

एजेंसी ⏭ लीड्स

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच एशेज सीरीज के तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन का खेल समाप्त हो गया है। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 116 रन बना लिए हैं। उसकी कुल बढ़त अब 142 रन की हो गई। ट्रेविस हेड 18 और मिचेल मार्श 17 रन बनाकर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत दूसरी पारी में खराब रही। ओपनर डेविड वॉर्नर फिर से इस सीरीज में फेल हो गए। उन्हें स्टुअर्ट ब्रॉड ने जैक क्रॉली के हाथों कैच कराया था। वॉर्नर ने पांच गेंद पर एक रन बनाए। वह टेस्ट क्रिकेट में 17वीं बार स्टुअर्ट ब्रॉड की गेंद पर आउट हुए। मार्नश लाबुशेन 77 गेंद पर 33 रन बनाकर मोईन अली का शिकार बने।

स्टीव स्मिथ अपने 100वें टेस्ट की लगातार दूसरी पारी में फेल हो गए। उन्हें मोईन अली ने बेन डकेट के हाथों कैच करा दिया। उन्होंने नौ गेंद पर दो रन बनाए। उनके बाद उस्मान ख्वाजा भी आउट हो गए। ख्वाजा को क्रिस वोक्स ने जॉनी बेयरस्टो के हाथों कैच कराया। ख्वाजा ने 96 गेंद पर 43 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की टीम पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-0 से आगे है।



### कमिंस ने लिए 6 विकेट

*ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को कुल 6 विकेट मिले। इसमें से दो पहले दिन आए थे। वहीं चार विकेट दूसरे दिन मिले। मिचेल स्टार्क को 2, मिचेल मार्श को 1 और टॉड मर्फी को 1 विकेट मिला।*

### मार्श ने लगाया शतक



*पहले दिन शुरुआती ओवरों में विकेट गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया को मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड ने संभाला। दोनों ने 115 रन की साझेदारी की। हेड 39 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद विकेटकीपर एलेक्स कैरी भी 8 रन ही बनाकर पवैलियन लौट गए। मिचेल मार्श ने 118 रन की पारी खेली। उनके अलावा मिचेल स्टार्क 2, कप्तान पैट कमिंस 0 और टॉड मर्फी 13 रन बना कर आउट हुए। स्कॉट बोलैंड 0 रन के स्कोर पर नाबाद रहे।*

## कार्लोज, सबालेंका, क्वितोवा ने तीसरे दौर में बनाई जगह



एजेंसी ⏭ विंबलडन

शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष खिलाड़ी कार्लोस अलकारेज और दूसरी वरीयता प्राप्त महिला एकल खिलाड़ी आर्यना सबालेंका शुक्रवार को विंबलडन के दूसरे दौर में जीत दर्ज करने में सफल रहे। स्पेन के 20 साल के अलकारेज ने सेंटर कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में अलेक्जेंडर मुलर को 6-4, 7-6 , 6-3 से शिकस्त दी।

बेलारूस की सबालेंका ने वरवरा ग्रेचेवा को 2-6, 7-5, 6-2 से शिकस्त दी। विंबलडन की दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने अलेक्सांद्रा सासनोविच को 6-2, 6-2 से शिकस्त दी। महिला एकल के अन्य मुकाबलों में अमेरिका की 25वीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज ने विक्टोरिया गोलूबिक 7-5, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में अपनी जगह पक्की की। पाउला बडोसा के चोट के कारण बीच मुकाबले से हटने के कारण कोस्तयुक अगले दौर में पहुंची।

जब इस मैच को रोका गया था तब कोस्तयुक 6-2, 1-0 से आगे थी। पुरुषों के वर्ग में तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने एड्रियन मन्नारिनो 6-3, 6-3, 7-6 से हराया। छठी वरीयता प्राप्त होल्गर रूने ने रॉबर्टो कारबालेस बेना को 6-3, 7-6, 6-4 से हराया जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने क्वेंटिन हेलिस को 3-6, 6-2, 6-3, 6-4 मात दी। 19वीं वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने योसुके वतनुकी को 6-4, 5-7, 6-2, 6-2 से पराजित किया।

## श्रीलंका अजेय, वेस्टइंडीज को आठ विकेट से रौंदा

एजेंसी ⏭ हरारे

ऑफ स्पिनर महीश तीक्ष्णा की शानदार गेंदबाजी और सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका के लगातार दूसरे शतक की मदद से श्रीलंका ने विश्वकप क्वालीफायर के सुपर सिक्स के अपने अंतिम मैच में वेस्टइंडीज को 34 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर अपना विजय अभियान जारी रखा।




श्रीलंका पहले ही विश्व कप में अपनी जगह सुरक्षित कर चुका है जबकि दो बार का चैंपियन वेस्टइंडीज पहली बार भारत में होने वाली इस प्रतियोगिता में नहीं खेलेगा। वेस्टइंडीज की टीम पहले बल्लेबाजी का न्योता पाने के बाद 48.1 ओवर में 243 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से कीसी कार्टी ने सर्वाधिक 87 रन बनाए। श्रीलंका के लिए तीक्ष्णा ने 34 रन देकर चार जबकि दासुन हेमंता ने 49 रन देकर दो विकेट लिए। पाथुम निसांका ने इसके बाद 113 गेंदों पर 14 चौकों की मदद से 104 रन बनाए। उन्होंने दिमुथ करुणारत्ने (83) के साथ पहले विकेट के लिए 190 रन की साझेदारी करके मजबूत नींव रखी जिससे श्रीलंका ने 44.2 ओवर में दो विकेट पर 244 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। श्रीलंका ने इस तरह से सुपर सिक्स में अपने पांचों मैच जीते।

## एशियाई खेलों में भारत की अगुवाई करेंगे शरत, मनिका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

शरत कमल और मनिका बत्रा सितंबर-अक्टूबर में होने वाले हांगझोउ एशियाई खेलों में भारत की 10 सदस्यीय टेबल टेनिस टीम की अगुआई करेंगे जिसमें उनका लक्ष्य पिछले चरण के ऐतिहासिक प्रदर्शन की बराबरी करने का होगा। जकार्ता में पांच साल पहले पिछले एशियाई खेलों में भारतीय दल का टेबल टेनिस स्पर्धा में पदक जीतने का 60 साल का इंतजार खत्म हुआ था। टीम ने पुरुष और मिश्रित युगल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन किया था।



भारतीय टेबल टेनिस महासंघ की सीनियर चयन समिति ने कोरिया के पेयोंगचांग में आगामी 26वीं एशियाई चैंपियनशिप और चीन के हांगझोउ में 19वें एशियाई खेलों के लिए 10 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें पांच पुरुष और पांच महिला खिलाड़ी शामिल हैं। कोरिया में एशियाई चैंपियनशिप तीन से 10 सितंबर तक खेली जाएगी जबकि एशियाई खेल 24 सितंबर से दो अक्टूबर तक आयोजित होंगे। शरत का यह अंतिम एशियाड होने की संभावना है, वह जी साथियान, हरमीत देसाई, मानव ठक्कर और मानुष शाह के दल की अगुआई करेंगे। वहीं मनिका युवा महिला टीम की जिम्मेदारी संभालेंगी जिसमें श्रीजा अकुला, सुतिर्था मुखर्जी, अयहिका मुखर्जी और दिया चिताले शामिल हैं। एशियाई खेलों में प्रत्येक लिंग के लिए दो एकल प्रविष्टियों को ही अनुमति मिलती है जिससे चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों की ख्याति, अनुभव और विश्व रैंकिंग अंक को देखते हुए पुरुष एकल में शरत, साथियान और महिला एकल में मनिका और श्रीजा को शामिल किया है।

### चैंपियनशिप में कोई पांबदी नहीं

*एशियाई चैंपियनशिप में हालांकि इस तरह की कोई पांबदी नहीं है और सभी पुरुष और महिला खिलाड़ी एकल स्पर्धाओं में खेल सकते हैं। शरत हांगझोउ में केवल पुरुष युगल और मनिका मिश्रित युगल में खेलेंगी जिसमें दोनों साथियान के साथ जोड़ी बनाएंगे। टीटीएफआई ने एक बयान में कहा, 'शरत और मनिका ने अन्य युगल स्पर्धाओं से हटने का फैसला किया जिससे चयनकर्ताओं को टीम चुनने में आसानी रही क्योंकि वे अच्छा प्रदर्शन कर रही जोड़ियों में बदलाव नहीं करना चाहते।'*



# बरसात में फेफड़ो में भर सकता है गंदा पानी इग्नोर ना करें

बारिश के मौसम में इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। जिन लोगों के फेफड़े कमजोर होते हैं, उन्हें निमोनिया का खतरा ज्यादा होता है। एक शोध में देखा गया है कि बरसात में निमोनिया के मामले काफी बढ़ जाते हैं। इस बीमारी में फेफड़ों के अंदर पानी या पस बढ़ जाती है।

**निमोनिया के लक्षण**

बारिश में निमोनिया के लक्षण दिख सकते हैं। विशेषज्ञों की माने तो बलगम वाली खांसी, बुखार, सांस फूलना, तेज-तेज सांस लेना, सीने में भारीपन, भूख ना लगना, जी मिचलाना, उल्टी आदि को नजरअंदाज ना करने की सलाह दी है।

**कॉफी**



कॉफी के अंदर कैफीन होता है, जो फायदे भी देता है। यह सांस की नली को रिलैक्स करता है और सांस फूलने से राहत देता है।

**हल्दी की चाय**

हल्दी में एंटी-इंफ्लामेटरी, एंटी माइक्रोबियल और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। ये चीजें इंफेक्शन को खत्म करके छाती में दर्द से राहत देते हैं।

**अदरक वाली चाय**



अदरक का सेवन करने पर दर्द से राहत मिलती है। हल्दी की तरह इसमें भी एंटीबैक्टीरियल और एंटी इंफ्लामेटरी प्रोपर्टी होती हैं। जो निमोनिया में राहत दे सकती हैं

**मेथीदाना की चाय**



मेथीदाना खाने से शरीर ज्यादा पसीना बहाने लगता है। इस वजह से इसकी चाय बुखार में पीने की सलाह दी जाती है। यह शरीर का तापमान कम करती है।

**पेपरमिंट टी**

निमोनिया की वजह से फेफड़ों में बलगम जम जाता है और खांसी होने लगती है। आप पेपरमिंट टी का सेवन करके इस गंदगी को बाहर निकाल सकते हैं और खांसी रोक सकते हैं।

## बेहद चमत्कारिक है इस पेड़ की छाल का पानी

# बीमारियां रहती हैं दूर

अपने आसपास अर्जुन का पेड़ तो आपने देखा ही होगा लेकिन क्या आप इसके गुणकारी फायदे भी जानते हैं। बहुत की कम लोग इस पेड़ के औषधीय गुणों के बारे में जानते हैं। अर्जुन की छाल आयुर्वेदिक औषधी मानी जाती है। कई तरह की बीमारियां दूर करने में इसका इस्तेमाल सदियों से होता आ रहा है। अर्जुन की छाल के पानी में एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है। इसलिए यह जबरदस्त फायदेमंद माना जाता है. इंफेक्शन, गले की खराश, सर्दी-जुकाम जैसी परेशानियों को यह चुटकियों में ही दूर कर सकता है। आइए जानते हैं इसके जबरदस्त फायदे..।


**डायबिटीज**

डायबिटीज कंट्रोल करने में अर्जुन की छाल का इस्तेमाल होता है। इसमें पाए जाने वाले कुछ विशेष एंजाइम्स और एंटीडायबिटिक गुण किडनी और लिवर की कैपसिटी को बढ़ाकर ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद करते हैं। इसलिए



**सर्दी-खांसी**

सर्दी-खांसी की समस्या को दूर करने में अर्जुन की छाल का इस्तेमाल लंबे समय से होता आ रहा है। इस छाल का पानी कंजेशन से राहत देता है और फेफड़ों को हेल्दी बनाकर उसकी कैपसिटी को बढ़ाने का काम करता है।



डायबिटीक पेशेंट को अर्जुन की छाल का पानी पीने की सलाह दी जाती है।

**हार्ट डिजीज**

दिल से जुड़ी बीमारियों को कम करने और उसकी कार्यक्षमता को बेहतर बनाने में अर्जुन की छाल फायदेमंद होता है। एक शोध में पाया गया कि अर्जुन की छाल में ट्राइटरपेनॉइड नाम का खास रसायन होता है, जो हार्ट डिजीज का खतरा कम कर सकता है।

**सांस संबंधी बीमारी**

आर्युवेद में अर्जुन की छाल के पानी को सांस संबंधी बीमारियों के लिए काफी कारगर माना गया है। कहा जाता है कि अस्थमा जैसी सांस से जुड़ी बीमारियों से राहत देने में यह काफी काम आ सकता है।

**हाई ब्लड प्रेशर**

अर्जुन की छाल में ट्राइटरपेनॉइड रसायन पाया जाता है, जो हार्ट डिजीज का खतरा कम करता है। इसमें एंटीहाइपरटेंसिव गुण भी मिलते हैं, जो हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद कर सकते हैं।



**पाचन**


अगर पाचन को बेहतर बनाना है तो अर्जुन की छाल का पानी पीना चाहिए। कब्ज और गैस्ट्रिक अल्सर जैसी समस्याओं को यह कम करने का काम करता है। इसके सेवन से पाचन मजबूत होता है।

# हरी घास में चलने से दूर होते हैं कई विकार

सभी लोग स्वस्थ रहने के लिए बहुत सारे नियमों का पालन करते हैं। स्वस्थ रहने के लिए लोग खानपान पर ध्यान देने के साथ-साथ वर्कआउट और एक्सरसाइज भी करते हैं, पर क्या आप जानते हैं अगर आप हरी घास पर सिर्फ नंगे पांव चलते हैं तो आपको बहुत सारे फायदे हो सकते हैं। सुबह हरी घास पर नंगे पांव चलने से सेहत को बहुत सारे फायदे होते हैं। बरसात का मौसम खत्म होने के बाद सर्दियों का मौसम शुरू हो जाता है। इस समय ना ही ज्यादा गर्मी पड़ती है और ना ही ज्यादा सर्दी। इस समय सूरज की किरणों से विटामिन डी आसानी से लिया जा सकता है।

- हरी घास पर नंगे पैर चलने से शरीर की ठंडक कम हो जाती है और टेंपरेचर बैलेंस में रहता है। जिससे सर्दी, कफ जैसी समस्याएं दूर हो जाती हैं।
- हरी घास पर नंगे पैर चलने से एक्युप्रेशर थेरेपी होती है। शरीर के अंग हाथ और पैरों की नसों से जुड़ी होती हैं।

जब हम नंगे पांव हरी घास पर चलते हैं तो पैरों की नसों पर दबाव पड़ता है जिससे ब्लड सरकुलेशन तेज हो जाता है और ब्लॉकेज की समस्या भी



दूर हो जाती है।

- हरी घास पर नंगे पांव चलने से मांसपेशियां सक्रिय हो जाती हैं। जिससे मांसपेशियों में अकड़न और दर्द की समस्या से छुटकारा मिलता है।
- अगर आप रोजाना हरी घास पर नंगे पांव चलते हैं तो इससे तनाव, हाइपरटेंशन, नींद की कमी, अर्थराइटिस, अस्थमा और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याएं दूर हो जाती हैं।
- घास पर चलने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो जाती है।

# इन घरेलू उपायों से दूर करें बच्चों के कान दर्द की समस्या

कान में दर्द की कई वजहें हो सकती हैं और मानसून के दौरान ये समस्या कुछ ज्यादा ही देखने को मिलती है। किसी तरह का इंफेक्शन, कान में फोड़ा, कान में पानी जाना या कान के परदे में छेद होना ये सभी वो कारण हो सकते हैं जिनसे कान में बेइंतहा दर्द होता है। इसके अलावा कान में शैम्पू या साबुन जाने से भी दर्द होता है। छोटे बच्चे अगर अकसर ही कान के दर्द से परेशान रहते हैं, तो यहां दिए गए घरेलू उपायों को कर सकते हैं ट्राई।

**ठंडी सिकाई**

बच्चे के कान के दर्द को दूर करने के लिए बर्फ की ठंडी सिकाई करें। इसके लिए आप वाटरप्रूफ बैक, कपड़े या तौलिया का इस्तेमाल कर सकते हैं। यदि आपके पास बर्फ का टुकड़ा ना हो, तो आप बोतल में ठंडा पानी रखकर इससे भी सिकाई कर सकते हैं।

**तुलसी के पत्ते**

यदि आपके बच्चे के कान में अक्सर दर्द रहता है, तो आप तुलसी के पत्ते के से उसका रस निचोड़ कर उसकी कुछ बूंदे बच्चे के





कान में डाल दें। इससे बहुत जल्द आराम मिल सकता है।

**लहसुन की कली**

लहसुन की कुछ कलियों को मसल लें और उसे जैतून या तिल के तेल के साथ गर्म कर लें। दर्द वाली जगह पर इस तेल को लगाएं या डालें। आराम मिलेगा।

**सरसों का तेल**

कान में मैल यानी वैक्स जमने की वजह से भी कान में दर्द होता है। तो आप बच्चे के कान में सरसों का तेल हल्का गुनगुना करके डालें। इससे वैक्स पिघलकर खुद ही बाहर निकल जाता है।



## चेहरे को खराब भी कर सकता है

# नींबू का रस

स्किन को खूबसूरत बनाने के लिए लोग क्या-क्या नहीं करते हैं। देसी नुस्खा और नेचुरल चीजों पर लोगों का भरोसा ज्यादा देखने को मिलता है लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ प्राकृतिक चीजें भी स्किन को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसमें एक नाम नींबू भी है। बेशक नींबू सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद है लेकिन अगर आप अपनी स्किन या चेहरे पर इसका रस डायरेक्ट लगाते हैं तो इसके कई साइड इफेक्ट्स देखने को मिल सकते हैं। आइए जानते हैं स्किन पर नींबू के रस से क्या-क्या साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं...।

**नींबू स्किन के लिए नुकसानदायक**

नींबू में ब्लीचिंग इफेक्ट्स पाए जाते हैं, जिससे यह स्किन के लिए असरदार बताया जाता है। स्किन से जुड़ी परेशानियों को यह दूर करने में मदद करता है। नींबू के रस में विटामिन सी होता है, जो दाग-धब्बों का सफाया कर देता है। हालांकि, फिर भी इसके रस को स्किन पर सीधे लगाने से मना किया जाता है। क्योंकि यह कई तरह की परेशानियां खड़ी कर सकता है।

**स्किन पर नींबू का रस सीधे ना लगाये**

नींबू का रस स्किन के लिए तभी तक फायदेमंद हैं, जब तक उसमें अन्य चीजें मिली हों। इससे उसका संतुलन बना रहता है लेकिन अगर बिना कुछ मिलाए सिर्फ नींबू का रस ही स्किन पर लगा लिया जाए तो लालिमा आ सकती है और खुजली की समस्या परेशान कर सकती है।

-अगर आप नींबू का रस सीधे ही अपनी स्किन पर लगा रहे हैं तो इसके कई साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। इससे स्किन पर सनबर्न का खतरा बढ़ जाता है। कुछ लोगों की स्किन ऐसी होती है कि डायरेक्ट प्यूर फॉर्म में नींबू का रस लगाने पर उनमें केमिकल ल्यूकोडर्मा और फाइटो फोटो डर्मेटाइटिस जैसी स्किन समस्याएं बढ़ने का खतरा हो सकती हैं। इससे खुजली और जलन भी बढ़ सकती है।



## बरसात के मौसम में साइलेंट किलर

# बन जाता है डेंगू

मानसून का मौसम आते ही कमजोर इम्यूनिटी वालों की सेहत का बैंड बज जाता है। दरअसल इस मौसम में बैक्टीरिया जनित और संक्रामक बीमारियों का खतरा इस कदर बढ़ जाता है कि शरीर की इम्यूनिटी उनका मुकाबला नहीं कर पाती और लोग बीमार पड़ जाते हैं। ऐसी ही बीमारियों में शुमार है डेंगू की बीमारी। बरसात के मौसम में सबसे ज्यादा कहर डेंगू का होता है और अगर मरीज कमजोर है और उसके शरीर में प्लेटलेट्स गिर रहे हैं तो स्थिति जानलेवा तक हो जाती है। पहली नजर में दिखने पर डेंगू के लक्षण किसी आम बुखार की तरह होते हैं लेकिन ये तेजी से शरीर को कमजोर करता है। इसलिए जरूरी है कि डेंगू जैसी खतरनाक बीमारी के संकेत या लक्षण पहले ही जान लिए जाएं ताकि समय रहते इलाज संभव हो सके।

**लक्षणों के प्रति रहें अलर्ट**

एक्सपर्ट कहते हैं कि डेंगू के मच्छर के काटने के एक हफ्ते के भीतर मरीज के शरीर पर डेंगू के लक्षण दिखने लगते हैं। इसलिए इनकी पहचान जरूरी है। हालांकि एक्सपर्ट कहते हैं कि डेंगू के लक्षण बिलकुल एक जैसे नहीं होते और कभी कभी ये मरीजों पर अलग अलग तरह से दिखते हैं।

-डेंगू होने पर मरीज को तेज बुखार आता है। बॉडी का टेंपरेचर 101 से लेकर 104 डिग्री फॉरेनहाइट तक जा सकता है। ये बुखार तीन से चार दिन तक रहता है और ऐसा होने पर मरीज को डॉक्टर के पास ले जाना चाहिए।

-तेज बुखार के साथ साथ डेंगू के मरीज को सिर में तेज दर्द होता है। मरीजों को आंख के पास और पीछे की तरफ और कनपटी के पास तेज दर्द होता है असहनीय होता है। मरीजों को दर्द के साथ साथ आंखों के अंदर भी दर्द महसूस होता है और आंख खोलने में भी दिक्कत होने लगती है।

-डेंगू बुखार होने से कुछ दिन पहले मरीज के शरीर पर लाल दाने यानी पिंक पैचेज दिखने लगते हैं। पहले ये पेट और पीठ से शुरु होते हैं और फिर पूरे शरीर में फैल जाते हैं। ये दाने खुजली करते हैं और इनमें जलन भी होती है।

-डेंगू के प्रारंभिक संकेतों में हड्डियों में तेज दर्द होना भी शामिल है। हड्डियों के साथ साथ मरीज की मांसपेशियों मे भी बहुत ज्यादा दर्द होता है और यहां तक कि मरीज दर्द से कराहने लगता है। इसलिए डेंगू को हड्डी तोड़ बुखार भी कहा गया है।

-अगर मरीज बुखार के साथ साथ कमजोरी और थकान महसूस कर रहा है तो ये डेंगू का एक लक्षण है। इस दौरान प्लेटलेट्स गिरने से मरीज की इम्यूनिटी कम हो जाती है और वो बहुत थकान और कमजोरी फील करता है।

-डेंगू बुखार के बीच में ही मरीज को नाक या मसूड़े से खून बहने लगे तो समझिए कि डेंगू घातक हो रहा है। हालांकि ये संकेत कम मरीजों में देखने को मिलता है लेकिन अगर ये दिखे तो तुरंत इमरजेंसी में कॉन्टेक्ट करना चाहिए।

# रेहड़ी पटरी ठेला वालों के लिए समर्पित सरकार की इस पहल के लिए मैं सरकार का धन्यवाद देना चाहता हूँ : अभिषेक निगम

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना लाभार्थी फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति शाखा दशाश्वमेध सदस्य मुन्नी यादव, जगतगंज मनीष केशरी को काशी के लोकप्रिय सांसद /प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाजिदपुर जनसभा में 50000 के ऋण का चेक दिये जिससे उत्साहित होकर फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति सचिव अभिषेक निगम के नेतृत्व में काशी के सांसद/ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा वाजिदपुर, हरहुआ वाराणसी के लिए भव्य जुलूस के रूप में चितरंजन पार्क गदौलिया चौराहा, चौक चौराहा, मैदागिन चौराहा, कबीरचौरा चौराहा, लहुरावीर चौराहा, संपूणानंद विश्वविद्यालय से वाहन पर सवार होकर वाजिदपुर पहुंचे।



फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति सचिव अभिषेक निगम ने कहा कि रेहड़ी पटरी ठेला वालो के लिए समर्पित सरकार की इस पहल के लिए मैं सरकार का धन्यवाद देना चाहता हूँ हमारे प्रधानमंत्री जी के अभूतपूर्व नेतृत्व में हम अपनी सोच और पहल को सामर्थ्य व ऊर्जा दे रही हैं जो एक सशक्त और उद्यमी भारत के निर्माण के लिए आवश्यक है `इस खास योजना के माध्यम से हम सब मिलकर एक मजबूत और सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं हमें सभी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए और इसकी जागरूकता फैलानी चाहिए ताकि अधिक से अधिक स्ट्रीट वेंडर इस योजना के लाभार्थी बन सके और वे इस योजना का लाभ उठा सके` जुलूस में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी रेहड़ी पटरी व्यवसाय प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र संयोजक प्रकाश कुमार श्रीवास्तव ,भाजपा नेता अजय सिंह बॉबी ,भाजपा नेता गौरव प्रकाश ,अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह महादेव, कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर सिन्हा ,सचिव अभिषेक निगम ,लक्ष्मण केसरी , प्रेम चंद्र पांडे, अनूप गुप्ता, धर्मराज गुप्ता ,शीला देवी ,अर्चना चंदवानी ,मनोज गुप्ता, मनोज यादव ,कुंती देवी ,गौतम साहनी , सुभाष भारद्वाज, रामचंद्र प्रजापति, सुरेंद्र यादव ,लक्ष्मण राय, गणेश यादव ,राजू शर्मा , मनोज कुमार ,विकास यादव, नूर मोहम्मद आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार को लेकर है मंथन: प्रो निर्मला एस मौर्य



प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की शिक्षकों और अधिकारियों की टीम कुलपति प्रो निर्मला एस. मौर्य के नेतृत्व में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में शनिवार को प्रतिभाग करने पहुंची। कुलपति ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में बदलाव और सुधार के लिए यह मंथन किया जा रहा है। शिक्षा मंथन 2023 कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने किया। उन्होंने कार्यक्रम में आए सभी कुलपति और प्रोफेसरों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कुलपतियों से कहा कि यहां से जो सीखा उसे अपने विश्वविद्यालय और संस्थान तक लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि कॉलेज भी नैक में आगे आएं और वीसी उनका नेतृत्व करें। उन्होंने कहा कि जो भी अधिकारी विदेश के संस्थानों में पढ़े हैं। अपनी यूनिवर्सिटी से दोबारा संपर्क कर प्रदेश के संस्थानों के साथ एमओयू साइन करें, ताकि इसका लाभ वर्तमान में अध्ययनरत छात्रों को मिल सके। इस कार्यक्रम में कुलसचिव महेंद्र कुमार,वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, प्रो मानस पांडेय, प्रो.राम नारायण प्रोफेसर प्रदीप कुमार,प्रो रजनीश भास्कर, डॉ गिरधर मिश्र, डॉ विक्रांत भटीजा, डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ मनोज पाण्डेय, डॉ अनु त्यागी, डॉ. धर्मेंद्र सिंह आदि शामिल हैं।

## खानपुर पुलिस ने किया चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सैदपुर के मार्गदर्शन में शुक्रवार को थाना खानपुर पुलिस द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वाहन व तलाश वाँछित, वारण्टी व देखभाल क्षेत्र में मामूर होकर जियापुर पुलिया के पास वहद ग्राम भुजहुआ से समय करीब सायं 8 बजे अभियुक्तगण विपिन राम पुत्र श्यामनाराण निवासी अर्शदीपुर थाना तरवा जनपद आजमगढ तथा राजन प्रसाद पुत्र रामानन्द राम निवासी रामपुर थाना खानपुर गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से 2 अदद चोरी की मोटर साइकिल बरामद किया गया । जिसके सम्बन्ध में स्थानीय थाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया । अन्य विधिक कार्यवाही थाना खानपुर पुलिस द्वारा की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण में उप निरीक्षक फूलचन्द पाण्डेय थाना खानपुर, कांस्टेबल कुशल त्रिपाठी थाना खानपुर, कांस्टेबल अम्बुज मिश्रा थाना खानपुर, कांस्टेबल धर्मेन्द्र पटेल थाना खानपुर, कांस्टेबल रिंकू कुमार थाना खानपुर, कांस्टेबल सूरज बिन्द थाना खानपुर जनपद गाजीपुर शमिल रहे।

## सावन मेले में दुकानों पर लगायें खाद्य पदार्थों की रेट लिस्ट : तुलिका शर्मा

प्रखर जलालपुर जौनपुर। क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव बाजार व मंदिर परिसर में लगने वाले खाद्य पदार्थ दुकानों पर शनिवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी तुलिका शर्मा ने जागरूकता अभियान चलाया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी तुलिका शर्मा ने व्यापारियों से कहा कि सावन मेले में बिकने वाली सभी खाद्य पदार्थों की रेट सूची को लिखकर अवश्य लगायें और साथ ही बारिस में खराब होने वाले खाद्य पदार्थों को ढककर रखें। जिससे बारिस के कारण खाद्य पदार्थ खराब न हो।जिस खाद्य पदार्थ पर मूल्य लिखा है उस सामान को उतने ही मूल्य में बेचें ना कि उससे अधिक मूल्य में बेचें।ऐसा करने वालों के विरूद्ध कारवाई होगी। किसी भी प्रकार के एक्सपायरी सामान की बिक्री ना करें। मेले में लगने वाली सभी खाद्य पदार्थ की दुकानों जैसे आइसक्रीम,पेठा,नानखटाई,चाट-गोलगप्पे के ढेलें वालों को खाद्य पंजीकरण लगाकर ही मेले में खाद्य सामाग्री बेचने को कहा।जिसका पंजीकरण नही हुआ है उसे जल्द ही बनवाने के निर्देश दिए।चाट-गोलगप्पे वोलों को ढक्कन दार कूड़ेदान रखकर ही बिक्री करने को कहा।खाद्य पदार्थों में रंग का प्रयोग कम से कम करने को कहा। कोई भी खाद्य पदार्थ अखबार में ना देने का निर्देश दिया। अजय मोदनवाल, सुमित, दिलीप कुमार, अमित गिरि, मनोज, शिवम् इत्यादि मेले में लगे दुकानों का निरीक्षण कर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा।




## आईजी व जिलाधिकारी ने थाना दिवस पर पहुंच सुनी पीड़ितों की शिकायत



प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़। थाना दिवस थाना गंभीरपुर में शनिवार को थाना दिवस पर जिलाधिकारी आजमगढ़ व आई जी अखिलेश कुमार पहुंचे और फरियादियों की समस्याएं सुनी और थाना दिवस पर आए हुए प्रार्थना पत्र का अविलंब निस्तारण करने को निर्देशित किया बताते चलें कि थाना दिवस पर कुल कुल 15 प्रार्थना पत्र आये जिसमे एक प्रार्थना पत्र तीन तलाक का भी था जिसमें आईजी अखिलेश कुमार ने एसपी सिटी को देखकर उस पर कार्रवाई करने को कहा ।जिलाधिकारी आजमगढ़ थाना दिवस पर सबसे पहले थाना क्षेत्र के सभी लेखपालों से रूबरू हुए और भूमि विकास रजिस्टर एवं आपत्ति रजिस्टर को देखा जिसमें उनके निस्तारण की भी जानकारी ली उन्होंने लेखपालों से कहा कि जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हो जाता है उस रजिस्टर में शिकायतकर्ता का भी हस्ताक्षर कराएं साथ ही साथ थाना दिवस पर पड़े प्रार्थना पत्र पर अभिलंब निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को कहा जिलाधिकारी ने कहा कि अगर कहीं अतिक्रमण अतिक्रमण हटाया गया और उस पर पुनः आक्रमण कर लिया गया हो तो संबंधित के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराएं। आईजी अखिलेश कुमार ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि समय से वादों का निस्तारण करें अगर कहीं किसी प्रकार की दिक्कत होती है तो हमें अवगत कराएं। इस मौके पर मुख्य रूप से एसपी सिटी शैलेंद्र लाल तहसीलदार न्यायिक थाना प्रभारी गंभीरपुर विजय प्रकाश मौर्य ,एसआई मुरारी मिश्रा, ओंकार नाथ पांडेय, दिवान आलोक चौधरी, स्वपनिल सक्सेना आदि लोग उपस्थित थे।

## शिकायत लेकर पहुंची पीड़िता की महिला सिपाही ने की पीटाई

प्रखर जौनपुर। शाहगंज क्षेत्र के नटौली गांव स्थित कांशीराम आवास में पड़ोसियों से मारपीट की शिकायत करने पहुंची पीड़िता की महिला सिपाही ने पिटाई कर दी। इससे वह थाने में बेहोश हो गई। पुलिस ने उसे राजकीय चिकित्सालय भेजा। जहां हालत गम्भीर देख चिकित्सक ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। कांशीराम कालोनी निवासी संगीता पत्नी संतोष से शुक्रवार को बच्चों के विवाद को लेकर पड़ोसियों से मारपीट हो गई। मारपीट के बाद पीड़िता कोतवाली पहुंच कर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस की ओर से मेडिकल मुआयना न कराए जाने व हीलाहवाली करने से पीड़िता आक्रोशित हो गई। पुलिस पर एक पक्षीय कार्रवाई का आरोप लगाना शुरू कर दी। इस दौरान थाने में तैनात एक महिला सिपाही ने पीड़िता की पिटाई कर दी।

## दृढ़ निश्चय, समर्पण और प्रतिबद्धता से हासिल होगा लक्ष्य: आइए खान

### इरादा टेक फाउंडेशन आर्थिक कमजोर मेधावियों को कराएगी आईआईटी व नीट की निःशुल्क तैयारी



प्रखर कुशीनगर। कुशीनगर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत है दृढ़ निश्चय, समर्पण व प्रतिबद्धता की, जिससे लक्ष्य आसान हो जाएगा। इन्हीं उद्देश्यों को लेकर इरादा टेक फाउंडेशन ने बुद्ध स्थली पर मेधावियों को तरासने की शुरूआत की है। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर 20 मेधावियों को निःशुल्क आवास, भोजन व कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उक्त जानकारी इरादा के चेयरमैन आईए खान ने एक विज्ञप्ति में देते हुए कहा कि शिक्षा अगर बेहतर है तो वह हमेशा राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित होना चाहिए। जो ज्ञान हमको मिला है। वह अपने नगर व ग्रामीण इलाकों के बच्चों को उनके बेहतर भविष्य के लिए मिले। देखा जा रहा है कि बाहर कोटा वगैरह तैयारी करने बच्चे जा रहे हैं। लेकिन पढ़ाई के दबाव में मानसिक रूप से काफी क्षति हो रही है। यहां तक कि बच्चे आत्म हत्या तक कर लेते हैं। पढ़ाई के प्रेसर को कम करना है। माइंड सेटअप करना है। इस नजरिए से देखें। नॉलेज कभी बेकार नहीं जाता है। मेरा शिक्षा क्षेत्र में 24 वर्ष का अनुभव। मैने देखा है कि कुशीनगर में प्रतिभा की कमी नहीं है। लेकिन अच्छे रिजल्ट नहीं आ रहे हैं। हमने एकेडमिक रूप से नीट व आईआईटी की पढाई को लेकर वर्षों से बच्चों की तैयारी करायी जिनमें 6 सौ से सात सौ बच्चे सफल हुए। जिनमें कृष्णा त्रिपाठी, किशन पाण्डेय, रीवा परवीन जैसे असंख्य हैं। कोचिंग सेंटरों में पढ़ाई के नाम पर लाखों रुपये लिए जा रहे हैं। जहां आम आदमी का पहुंचना आसान नहीं है लेकिन एक ऐसा संस्थान जहां मेधा का सम्मान हो और किसी चीज की कमी न हो। लक्ष्य हासिल करने को लेकर नेक इरादे से कोचिंग प्लान किया गया है। जिसमें आईआईटी, नीट की प्रवेश परीक्षा की तैयारी करायी जाएगी। जिसमें भौतिक विज्ञान, रसायन, जीव, गणित के साथ - साथ 6 वीं से लेकर 12 वीं प्री फाउंडेशन व फाउंडेशन कोर्स संचालित होंगे। गरीब व आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को हर तरह की सुबिधा दी जाएगी। आगामी 15 जुलाई को 20 बच्चों को टेस्ट के माध्यम से चुनना है। उनका सारा खर्च संस्थान का होगा।

## ईद ए गदीर का आमाल और महफिल बड़े ही हर्षोल्लास के साथ हुआ संपन्न




प्रखर जौनपुर। नगर के बलुआघाट स्थित हाजी मोहम्मद अली खाँ के इमामबारगाह में ईद ए गदीर का आमाल मौलाना फजले मुमताज साहब ने करवाया उसके बाद महफिल का आयोजन हुआ जिसमें नगर के बेहतरीन शायरों ने अपना कलाम पेश किया। इस कार्यक्रम के व्यवस्थापक शहर गांव दर्पण (समाचारपत्र) के संपादक शब्बीर हैदर (अम्मार) ने किया। जशने ईदे गदीर के अवसर पर शहर के मशहूर शायरों ने अपने-अपने गैर तरही कलाम को अपने-अपने खूबसूरत अंदाज में पेश किया इसके बाद मौलाना फजले मुमताज साहब ने आमाल करा कर खुशी का इजहार किया। यह जश्ने ईदे गदीर व अमाल सन 2009 में मरहूम अली हुसैन उर्फ भैय्या पुत्र मरहूम इश्तियाक हुसैन ने इसकी शुरूआत की थी मरहूम अली हुसैन भैय्या के सन 2015 में इंतेकाल होने हो जाने के बाद से जश्ने ईदे गदीर के अमाल और महफिल के प्रोग्राम को उनके छोटे भाई शब्बीर हैदर अम्मार के द्वारा आज भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है जिसमें सैकड़ो की संख्या मे लोग शिरकत करते है।

मरहूम अली हुसैन (भईया) के छोटे भाई शब्बीर हैदर ने बताया कि यह प्रोग्राम मेरे भाई ने कायम किया था ईद ए गदीर कौम के लिए ईद की ही तरह खुशी का दिन है इस दिन इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मोहम्मद स.अ. ने अपने उत्तराधिकारी का ऐलान किया था ।इसदिन गरीबो को भोजन कराना चाहिए और नए नए वस्त्र धारण करना चाहिए । इसलिए हम सभी जशने ईदे गदीर हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं और आगे भी मनाते रहेंगे। इस कार्यक्रम को सकुशल सम्पूर्ण कराने में मिर्जा जमील साहब का बड़ा योगदान रहा।

## प्री पीएचडी कोर्स वर्क 10 जुलाई से रज्जू भैया संस्थान में होगा शुरू

प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) संस्थान पर प्री पीएच.डी. कोर्स वर्क की कक्षाएं 10 जुलाई से प्रारंभ होगी। प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) संस्थान स्थित अध्ययन केंद्र पर जौनपुर जनपद स्थित महाविद्यालयों के प्राचीन इतिहास, इतिहास, मनोविज्ञान, सैन्य विज्ञान, शिक्षा शास्त्र एवं शिक्षा संकाय विषय में पंजीकृत विद्यार्थियों की प्री पीएच.डी. कोर्स वर्क की कक्षाएं संचालित होंगी। इन विषयों के शोधार्थी रज्जू भैया संस्थान के अध्ययन केंद्र पर अपना पंजीकरण पत्र अतिशीघ्र जमा कर, 10 जुलाई से प्रारंभ हो रही कक्षाओं के लिए उपस्थित रहें। प्री पीएचडी कोर्स वर्क अध्ययन केंद्र के समन्वयक और संस्थान के निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि प्री पीएचडी कोर्स वर्क 16 क्रेडिट का कोर्स है जिसकी अवधि 6 माह है। इसमें 3 प्रश्न पत्र है, तथा यह पीएचडी करने वाले प्रत्येक शोधार्थी के लिए अनिवार्य है। डॉ. यादव ने बताया कोर्स वर्क की कक्षाएं मिश्रित मोड, ऑफलाइन व ऑनलाइन अथवा दोनों मोड में आवश्यकतानुसार संचालित होंगी। कोर्स वर्क की कक्षाओं के सफल संचालन के लिए डॉ नितेश जायसवाल को अध्ययन केंद्र का सह -समन्वयक बनाया गया है। कोर्स वर्क की कक्षाओं के संचालन के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों से वाह्य विशेषज्ञों के व्याख्यान प्रस्तावित है, वहीं पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर तथा महाविद्यालय के शिक्षक आंतरिक विशेषज्ञ के रूप में कक्षाएं लेंगे।



## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेनों में चोरी करने वाले गैंग का सदस्य गिरफ्तार, आरपीएफ तथा जीआरपी ने किया खुलासा



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। ट्रेनों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले युवाओं के गिरोह का खुलासा आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने किया है। संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर चोरी के समाज के साथ गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश अभी जारी है। गाजीपुर सिटी स्टेशन के आरपीएफ प्रभारी अमित कुमार राय अपनी टीम के साथ तथा जीआरपी औड़िहार विश्व दीपक अपनी टीम के साथ संयुक्त रूप से गाजीपुर स्टेशन पर मुखबिर की सूचना पर जीआरपी औड़िहार में दर्ज मुकदमे से संबंधित वांछित अनुज पांडे को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक बिहार राज्य के सिवान जिले का रहने वाला है। गिरफ्तार अभियुक्त की तलाशी लेने पर उसके पास से 1800 नगद और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। आरपीएफ प्रभारी अमित कुमार राय ने बताया कि गिरफ्तार युवक का चार से पांच लड़कों का एक गैंग है जिनकी उम्र करीब 18 से 20 वर्ष के बीच है। यह ट्रेनों में चोरी व छिनैती के इरादे से लगातार घूमते रहते हैं। मौका पाकर किसी का भी मोबाइल और सामान चुरा लेते हैं। इस गैंग के सभी सदस्यों की तलाश जारी है जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### रोपाई के लिए धान निकलते समय आकाशीय बिजली से दो की मौत, 5 झुलसे



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। तहसील मोहम्मदाबाद के खरडीहा गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति समेत पांच युवतियां बुरी तरह झुलस गई। जिनको इलाज के लिए सीएचसी मोहम्मदाबाद ले जाया गया जहां एडमिट कराकर इलाज चल रहा है । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार खरडीहा में तीन लोग धान की रोपाई करने के लिए गांव के पूर्व नर्सरी से बीजउखाड़ रहे थे, इस दौरान सभी लोग आकाशीय बिजली के चपेट में आ गए जिसमें कन्हैया राम उम्र 47 वर्ष और ओम प्रकाश राम उम्र 27 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि हीरालाल राम उम्र 55 वर्ष गंभीर रूप से झुलस गया। उन्हें इलाज के लिए सीएचसी मोहम्मदाबाद ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। वही तरका ग्राम सभा के पिडरोई मौजा में धान रोपे रही चार युवतियां भी गंभीर रूप से झुलस गई जिन्हें सीएससी मोहम्मदाबाद में भर्ती कराया गया हैं। इलाज जारी है। वही भांवरकोल थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार राय ने बताया की खरडीहा में दो लोगों की मौत हो गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### पशुओं को गलाघोंटू बीमारी से बचाने के लिए 33 हजार टीकारण का लक्ष्य

प्रखर खेतासराय जौनपुर। पशुओं को गलाघोंटू समेत अन्य बीमारियों से बचाने के लिए पशुपालन विभाग ने मुहिम शुरू कर दी है ।विकास खण्ड सोंधी के अब तक 20 गांव में टीकारण अभियान की शुरूआत हो चुकी है । करीब चार हजार से ज्यादा पशुओं को टीका लगाया है । जिले के सबसे बड़े ब्लॉक सोंधी में 33 हजार पशुओं का लक्ष्य है ।हर वर्ष पशुओं को बिना टीकारण के जान चली जाती है, इस का एक मात्र बचाव टीका है । पशुओं को टीका लगने से साल भर बीमारी से सुरक्षित रख सकते है ।महकमा की तरफ से यह अभियान निःशुल्क रहता है । पूरे ब्लॉक क्षेत्र के सभी गांवों में जुलाई भर अभियान चलेगा ।इसके लिए पशु मित्र, वैक्सीनेटर और सहायक को लगाया गया है । पशु चिकित्साधिकारी डॉ बिपिन कुमार सोनकर ने बताया कि खेतासराय, मानीकला, चिरैयाडीह, सोंधी, मवई समेत 20 ग्राम पंचायतों में गलाघोंटू का टीकाकरण का कार्य पूर्ण हुआ है । उन्होंने बताया कि छः माह से ऊपर गर्भवती पशुओं को इस ठीके से वंचित किया गया है ।आश्रय स्थलो पर रहने वाले पशुओं को भी टीका लगाया जा रहा है ।इस से किसानों की पशुओं की असमय मृत्यु और मृत्यु दर में भी कमी आएगी । श्री सोनकर ने पशु पालकों को सचेत करते हुए कहा कि बरसात में कीचड़ वाले स्थान पर पशुओं को न बांधे ।खुर की समस्या का कारण बनता है ।उमस को देखते हुए गुड़ का शरबत पशुओं को पिलाये ।भारी मात्रा में बाजड़ा खिलाने में परहेज करे ।इस से नाइट्रोजन पॉइजिनिंग का खतरा अधिक होता है । गर्भवती पशुओं के बच्चा फेंकने का खतरा बढ़ जाता है । टीकाकरण का अभियान अभी जारी रहेगा ।मुहिम में एलओ जय राम गौतम, संजय यादव, अश्वनी समेत अन्य लोग शामिल है ।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं